

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल




■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 146

ग्वालियर, रविवार, 13 फरवरी, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

## आम आदमी बोरवेल करेगा तो जेल जाएगा लेकिन केजरीवाल कानून से ऊपर हैं

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल सरकार बोरिंग का सीधा पानी लोगों को पहुंचाने में लगी हुई है। उसके लिए पीने के पानी का ना कोई जांच किया गया है और ना ही उसका शुद्धिकरण किया गया है। इसके लिए केजरीवाल ने पूरे प्रदेश में 600 से ज्यादा बोरवेल लगाने का काम किया है। हालांकि एनजीटी ने साल 2019 से ही दिल्ली में बोरवेल लगाने पर प्रतिबंध लगा रखा है। अगर दिल्ली में कोई बोरवेल लगाता है तो दिल्ली सरकार के लोग उससे या तो मोटी रकम वसूल करते हैं या उसके लिए खिलाफ मुकदमा कर देते हैं लेकिन केजरीवाल सरकार एवं दिल्ली जल बोर्ड किसी भी कानून को मानने के लिए तैयार ही नहीं है। श्री गुप्ता ने यह बात नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी के साथ एक संयुक्त प्रेसवार्ता में कही जिसमें उनके साथ प्रदेश उपाध्यक्ष राजन तिवारी एवं प्रदेश मीडिया प्रमुख नवीन कुमार जिंदल भी थे।

श्री गुप्ता ने संयुक्त प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि केजरीवाल जब सत्ता में आए थे तो उन्होंने बिजली हाफ पानी मुफ्त देने का वायदा किया था लेकिन आज सात साल बाद भी लोगों को बिजली के नाम पर बढ़े बिल आ रहे हैं और शुद्ध एवं साफ पानी के नाम पर बोरवेल वाली गंदा, अशुद्ध एवं बिना शोधित पानी पिलाया जा रहा है। उस पानी को पीकर



हज़ारों लोग कई तरह की बिमारियों के शिकार हो रहे हैं। पेट की कई तरह की बिमारियां हो रही है और लोगों की जान के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि जमीन से पानी निकालकर बेचने वालों को टैंकर माफिया कहा जाता है जो आज खुद दिल्ली सरकार हो चुकी है। बोरवेल के पानी बिना किसी ट्रिटमेंट प्लांट लगाए उसे जनता तक पहुंचाया जा रहा है और जनता मजबूरन उस पानी को पी रही है। जलबोर्ड आज लूट का अड्डा बना हुआ है। नए बने एक-एक मकान के विकास शुल्क के नाम पर 10-10 लाख रुपये लिए जा रहे हैं।

नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के उस बयान को झूठा बताया जिसमें केजरीवाल ने कहा है कि उनके द्वारा 700 अनुबंधित कर्मचारियों को नियमित किया गया है जबकि सच्चाई यह है कि जिन 700 कर्मचारियों को नियमित करने की बात केजरीवाल कर रहे हैं उन सभी कर्मचारियों को अनुकंपा के आधार पर नौकरी मिली है। मतलब यह कि जिस दिन से इन कर्मचारियों को नौकरी मिली वे उसी दिन से नियमित हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली जलबोर्ड के अंदर 3000 अनुबंधित कर्मचारी है, जिन्हें अभी तक नियमित नहीं किया गया है। यही नहीं 100 से ज्यादा जेई अनुंबंधित है, उन्हें आज तक नियमित नहीं किया गया। डीटीसी में 22000 से ज्यादा अनुंबधिक कर्मचारी को नियमित नहीं किया, लेकिन दिल्ली एवं देश के लोगों को चुनाव के भाषणों में गलत जानकारी देकर भरमाने का काम केजरीवाल कर रहे हैं।

## चन्नी को विकास कार्यों पर भरोसा, चौथी बार अपनी जीत सुनिश्चित करने में जुटे

**चमकौर साहिब।** चमकौर साहिब सीट से चौथी बार चुनाव लड़ रहे सीएम चरणजीत सिंह चन्नी को अपने निर्वाचन क्षेत्र में एक विधायक के तौर पर और पंजाब के मुख्यमंत्री के रूप में अपने 111



दिनों के कार्यकाल के दौरान किए विकास कार्यों पर भरोसा है।चन्नी ने लंबे समय से अपने निर्वाचन क्षेत्र रहे चमकौर साहिब के लोगों को कहा था कि अगर वह 50,000 से कम वोट से जीतते हैं,तब यह जीत नहीं होगी। चन्नी मालवा, माझा और दोआबा क्षेत्रों में चुनावी सभाएं कर रहे हैं। चन्नी को कांग्रेस ने हाल में अपने मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया है। कांग्रेस ने बरनाला जिले के भदौर (सुरक्षित) से भी चन्नी को मैदान में उतारा है, जिन्होंने पिछले साल अमरिंदर सिंह की जगह ली और अनुसूचित जाति समुदाय से पंजाब के पहले मुख्यमंत्री बने। कुछ दिन पहले चन्नी ने चमकौर साहिब के लोगों से लगातार चौथी बार अपनी जीत सुनिश्चित करने का आह्वान कर कहा कि उन्होंने अपने गृह क्षेत्र में कई विकास परियोजनाओं को सूचीबद्ध किया था।

## अगर उत्तराखंड में भाजपा की सरकार नहीं होगी तो यूपी से भागे अपराधी यहां तबाही मचाएंगे : योगी आदित्यनाथ

**देहरादून।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि अपराधी व माफिया के खिलाफ कार्यवाही करते हैं अगर उत्तराखंड में भाजपा की सरकार नहीं होगी तो वह सब यहां आकर तबाही मचायेंगे।



उन्होंने कहा कि कांग्रेस पूरे देश में डूब गई है। टिहरी गढ़वाल विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी किशोर उपाध्याय के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देवभूमि में जहां चार धाम हैं वहीं मां गंगा और यमुना का पावन उदगम स्थल है और मैं देवभूमि को प्रणाम व नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि कल ही बताया गया कि आज उत्तराखंड जाना है उत्तर प्रदेश में चुनाव चल रहे हैं वहीं पहले चरण में मतदान और सायं को बंद होगा। एक साथ दोनों राज्यों में चुनाव संपन्न होने हैं। 12 से 17 के बीच में देखा है नये भारत का नया उत्तर प्रदेश, सुरक्षित उत्तर प्रदेश और इस बारे काम किया गया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड मेरी जन्मभूमि है दूसरा यह सीमांत प्रदेश भी है राष्ट्रीय सुरक्षा से इस प्रदेश का अपना महत्व है उत्तर प्रदेश से लगा हुआ राज्य है और हम सब की चिंता का विषय है। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही करेंगे, वहीं यहां पर भाजपा की सरकार नहीं होगी तो यह दोनों माफिया व अपराधी उत्तराखंड में तबाही मचायेंगे।

## प्रधानमंत्री का तंज- बोले- यूपी को नहीं चाहिए गवर्मेंट ऑफ दा फैमिली, बाय दा फैमिली फॉर दा फैमिली

**कन्नौजा।** इत्रनगरी में चौथी बार आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पहले चरण के मतदान से एक और बात साफ की है कि दो दिन से घोर परिवारवादियों को सपने दिखना बंद हो गए हैं। पता है क्यों, इसलिए कि उनकी नींद हराम हो गई है। वो लोग सोच रहे थे कि जातिवाद और संप्रदायवाद फैलाकर वोटों को बांट देंगे। लेकिन, मुझे खुशी है कि यूपी के लोग माफियावादियों और दंगावादियों के खिलाफ एकजुट होकर वोट कर रहे हैं। ये एकजुटता ही दंगावाद से मुक्ति के पक्ष में है, ये एकजुटता कानून व्यवस्था के पक्ष में है, ये एकजुटता महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और समृद्धि के पक्ष में है। वह शनिवार की दोपहर कन्नौज की तिर्वा विधानसभा क्षेत्र में अन्नूर्पणा मंदिर परिसर मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे।



उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में भी हमे कानून व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी है, यूपी जिस तरह से योगी जी की सरकार ने दंगों को रोका है, उसे हमे स्थायी स्वरूप देना है। दोबारा ऐसी हरकतों को उत्तर प्रदेश में पनपने नहीं देना है। कहा, सिर्फ विकास की बातें करने से विश्वास नहीं आता है लेकिन जब नीयत साफ होती है, मेहनत दिन रात होती है, जनता के सुख दुख की चिंता होती है, तभी सामान्य मानवीय के मन में विश्वास पैदा होता है। लेकिन, जिनकी राजनीतिक बुनियाद अपराध, गुंडागर्दी और भ्रष्टाचार पर टिकी हो वो कभी सुधर नहीं सकते हैं। आप देखिए कैसे कैसे उम्मीदवारों को टिकट दिया है, इनके ज्यादातर उम्मीदवार हिस्ट्रीशीटर हैं और उनकी तो हालत ऐसी है कि कई लोग तो जेल से ही चुनाव लड़ रहे हैं। साथियों लोकतंत्र की व्याख्या करते हुए विश्व में एक बात कही जाती है- गर्वमेंट ऑफ दा पीपुल, बाय दा पीपुल और फॉर दा पीपुल यानी जनता का जनता के लिए और जनता द्वारा शासन। हमारी देश की घोर परिवावादी पार्टियों ने लोकतंत्र के मंत्र को ही बदल दिया। ये लोग क्या कहते हैं- उनका सूत्र क्या है- परिवार का, परिवार के लिए और परिवार द्वारा शासन, गर्वमेंट ऑफ दा फैमिली, बाय दा फैमिली फॉर दा फैमिली। इसलिए यूपी के लोगों ने फिर ठान लिया है कि अपने परिवार के स्वार्थ में काम करने वाले लोग अब उत्तर प्रदेश में नहीं चाहिये। यूपी के लोगों को तो पब्लिक की सेवा करने वाले लोग चाहिये, परिवार की सेवा करने वाले नहीं। इन घोर परिवारवादियों की कुनीति का गवाह कन्नौज का इत्र कारोबार भी है। इन लोगों ने अपने भ्रष्टाचार से अपने काले कारनामों से यहां के इत्र कारोबार को भी बदनाम किया, इन्होंने इत्र को करप्शन से जोड़ दिया। हम इस इत्र को ग्लोबल ब्रांड बनाने में जुटे हुए हैं, दुनिया में कन्नौज के इत्र का डंका बजे इसके लिए हम काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार हाई वोल्टेज करंट चल रहा है और 10 मार्च के बाद ये अपना अस्तित्व बचाते नजर आएंगे।

## कर्नाटक संपर्क क्रांति में युवती से चलती ट्रेन में रेप



**नई दिल्ली।** भुसावल से दिल्ली जा रही एक युवती के साथ कर्नाटक संपर्क क्रांति में रेप की घटना हुई। टिकट के पैसे नहीं थे तो उसका फायदा उठाकर पेंट्रीकार कर्मचारी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद रोते-रोते युवती भोपाल स्टेशन पर उतरी और एफआईआर दर्ज कराई। भोपाल रेलवे पुलिस के अधीक्षक हितेष चौधरी ने बताया कि दिल्ली की 21 साल की युवती के साथ यह घटना हुई। वह भुसावल से कर्नाटक संपर्क क्रांति में दिल्ली जाने के लिए सवार हुई थी। पहले वह एसी कोच में बैठ गई थी और वहां पेंट्रीकार के एक कर्मचारी ने उसे जनरल कोच में जाने को कहा। थोड़ी देर बाद वह सेकंड क्लास के रिजर्वेशन कोच एस टू में पहुंच गई तो वहां भी पेंट्रीकार कर्मचारी आ गया और फिर वह उसे अपने साथ पेंट्रीकार में ले गया। पेंट्रीकार में उसके साथ दुष्कर्म किया और चला गया। दुष्कर्म की घटना के बाद युवती रोने लगी तो ट्रेन में यात्रा कर रहे दूसरे यात्रियों ने उससे पूछताछ शुरू की। उसने रोते-रोते पूरी घटना बताई तो उन्होंने भोपाल रेलवे स्टेशन आने पर पुलिस को उसके साथ हुई घटना के बारे में बताया। भोपाल जीआरपी थाना में युवती के साथ हुई रेप की घटना में एफआईआर दर्ज की गई। इस बीच कर्नाटक संपर्क क्रांति की पेंट्रीकार के कर्मचारी की तलाश शुरू हुई और उसे झांसी में पकड़ा गया।

## खास खबर

### कोयला मंत्रालय ने 5 राज्यों के 10 कोयला खादानों की सफलतापूर्वक नीलामी की

**नई दिल्ली।** कोयला मंत्रालय ने 12 अक्टूबर, 2021 को सीएमएसपी अधिनियम के 13वें भाग तथा एमएमडीआर अधिनियम के भाग-3 के तहत वाणिज्यिक खनन के लिए कोयला खदानों की नीलामी की शुरूआत की थी। ई-नीलामी के दौरान नीलामी के लिए कुल 10 कोयला खदान प्रस्?तुत किए गए जिनमें से 6 सीएमएसपी कोयला खदान थे तथा शेष 4 एमएमडीआर कोयला खदान थे। सभी कोयला खदानों के विवरण निम्नलिखित है- नौ कोयला खदानों का पूरी तरह अन्वेषण हो चुका है तथा एक खदान कर आंशिक रूप से अन्वेषण हुआ है। इन खदानों के लिए कुल भू-गर्भीय भंडार 1,716.211 मिलियन टन है। इन कोयला खदानों के लिए संचयी पीआरसी 22.014 एमटीपीए हैं।

### वर्तमान में देशभर में 966,363 इलेक्ट्रिक वाहन सड़कों पर दौड़ रहे

**नई दिल्ली।** देश में हाइब्रिड एवं इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने अखिल भारतीय आधार पर 2015 से इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाने और विनिर्माण (हाइब्रिड एवं) स्कीम (फेम इंडिया) आरंभ की। वर्तमान में फेम इंडिया स्कीम के दूसरे चरण को कुल 10,000 करोड़ रुपये की बजटीय सहायता के साथ पहली अप्रैल, 2019 को 5 वर्षों की अवधि के लिए कार्यान्वित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, सरकार द्वारा देश में इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित कदम उठाये जा रहे हैं- सरकार ने देश में बैटरी की कीमतों में कमी लाने के लिए देश में ही एडवांस्ड कैमिस्ट्री सेल (एसीसी) के विनिर्माण के लिए 12-05-2021 को उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को मंजूरी दी। बैटरी की कीमतों में कमी आने का परिणाम इलेक्ट्रिक वाहनों की लागत में कमी के रूप में आएगा। इलेक्ट्रिक वाहनों को ऑटोमोबाइल और ऑटो कंपोनेंट के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत कवर किया जाता है जिसे 25,938 करोड़ रुपये की बजटीय सहायता के साथ 15 सितंबर, 2021 को 5 वर्षों की अवधि के लिए मंजूरी दी गई।

### एयर इंडिया और एयर एशिया की फ्लाइट रद्द होने पर भी मुसाफिर कर सकेंगे यात्रा

**नई दिल्ली।** भारत की शान रही एयर इंडिया के टाटा ग्रुप के अधिग्रहण के बाद एक फिर ऊंचाइयां छूने की उम्मीद बढ़ गई है। दरअसल, एयर इंडिया (एआई) और एयर एशिया इंडिया (एएआईपीएल) के पैसेंजर्स के लिए बड़ी खबर है। अब इन दोनों एयरलाइंस के कैंसिल होने पर उन्हें अपनी यात्रा रद्द नहीं करनी पड़ेगी। टाटा समूह ने कहा है कि किसी कारण से दोनों एयरलाइंस की कोई फ्लाइट निलंबित होती है तो उसके यात्रियों को एक-दूसरे के विमानों में जगह दी जाएगी। एयर इंडिया और एयर एशिया इंडिया के बीच आपसी सहयोग की दिशा में उठाया गया यह पहला कदम है। इसके लिए दोनों एयरलाइंस में एक इंटरलाइन, कंर्सिडरेशंस ऑन इर्रेगुलर ऑपरेशन (आईआरओपीएस) एग्रीमेंट हुआ है। यह एग्रीमेंट 2 साल यानी 9 फरवरी 2024 तक लागू रहेगा। पिछले महीने एयर इंडिया और एयर एशिया एक्सप्रेस का नियंत्रण अपने हाथ में लेने के बाद टाटा ग्रुप के पास अब कुल 4 एयरलाइंस हो गई हैं। एयर एशिया इंडिया और विस्तारा पहले से ही उसके पास थी। एयर इंडिया का नया प्रबंधन कंपनी के संचालन, कार्यक्षमता और गुणवत्ता में सुधार पर फोकस कर रहा है, जिसको ध्यान में रखते हुए ही एयर एशिया इंडिया के साथ यह करार किया गया है। एयर एशिया इंडिया भारत में 7 साल से ज्यादा समय से कारोबार कर रही है, लेकिन अभी तक इसकी कोई इंटरनेशनल पैसेंजर फ्लाइट नहीं शुरू हो सकी। टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी टैलेस प्राइवेट लिमिटेड ने 8 अक्टूबर, 2021 को कर्ज में डूबी एयर इंडिया के अधिग्रहण के लिए 18,000 करोड़ रुपये में बोली जीती थी। अब यह कंपनी समूह के पास आ गई है।

## कांग्रेस को सत्ता मिल जाए तो भी नहीं करेगी उत्तराखंड का विकास, उसके पास न शक्ति है और न इच्छा : अमित शाह



**देहरादून।** उत्तराखंड में भाजपा ने अपने प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन शनिवार को गृहमंत्री अमित शाह ने उत्तराखंड में कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। अमित शाह ने कहा मोदी सरकार ने वन रैंक-वन पेंशन लागू करके सेना के जवानों के घर में करीब 20 लाख करोड़ रुपए भेजे हैं। इस निर्णय से सबसे ज्यादा फायदा उत्तराखंड के पूर्व सैनिकों को हुआ है।इस पर विचार किया जाना चाहिए कि कांग्रेस के कार्यकाल में क्यों वन रैंक-वन पेंशन का निर्णय नहीं हो पाया? अमित शाह ने कहा जब उत्तरखंड की जनता ने नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया, 5 में से 5 सीटें उनकी झोली में डाल दीं तब उन्होंने प्रधानमंत्री बनने के बाद 2015 में वर्षों से चली आ रही वन रैंक वन पेंशन की मांग को पूरा कर दिया। चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा केदारनाथ आपदा के बाद कांग्रेस की सरकार में कुछ काम नहीं हुए। भाजपा सरकार ने मोदी सरकार ने 400 करोड़ रुपए की लागत से केदारनाथ का पुनर्निमाण कराया। बद्रीनाथ का पुनर्निर्माण का काम 450 करोड़ रुपए से कराया जा रहा है। गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ धाम, बद्रीनाथ धाम का विकास भाजपा सरकार ने किया है। मोदी जी ने 13 हजार करोड़ रुपए की लागत से चार धाम की फोर लेन ऑल वेदर रोड बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने घोषणा की है कि केदारनाथ से हेमकुंड साहिब के बीच रोपवे से यातायात शुरु होगा। देहरादून से दिल्ली आने में अभी घंटों लगते हैं। भाजपा सरकार आने के बाद एलिवेटेड सड़क से ढाई घंटे में देहरादून से दिल्ली आना-जाना हो सकेगा। पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि उत्तराखंड में 16 हजार करोड़ रुपये की लागत से ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन परियोजना का काम हो रहा है। टनकपुर-बागेश्वर रेल लाइन परियोजना का भी जल्द ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कांग्रेस कभी किसी का विकास नहीं कर सकती, क्योंकि उनके पास न इच्छा है और न शक्ति है। उत्तराखंड वासियों ने 2014, 2017 और 2019 में मोदी जी की झोली कमल के निशान से भर दिया था, इस बार भी फिर से नरेन्द्र मोदी जी और पुष्कर धामी पर भरोसा करके भाजपा सरकार बनानी है।

## देश में अब तक की सबसे बड़ी बैंक धोखाधड़ी, 28 बैंकों से 22 हजार करोड़ से ज्यादा का फ्रॉड

**नई दिल्ली।** देश के इतिहास में अब तक के सबसे बड़े बैंक फ्रॉड केस में सीबीआई ने देश की जानी मानी शिप कंपनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। भारत की बड़ी निजी शिपिंग कंपनियों में एक एबीजी शिपयार्ड लिमिटेड पर 28 बैंकों से कथित तौर पर 22842 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने का आरोप है। रिपोर्ट के मुताबिक, देश में बैंक धोखाधड़ी का ये अब तक की सबसे बड़ी धोखाधड़ी है। केंद्रीय भ्रष्टाचार विरोधी जांच एजेंसी ने धोखाधड़ी के इस केस में एबीजी शिपयार्ड लिमिटेड के अध्यक्ष और सह-प्रबंध निदेशक ऋषि कमलेश अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक संथानम मुथास्वामी और तीन अन्य निदेशकों अश्विनी कुमार, सुशील कुमार अग्रवाल और रवि विमल नेवेतिया को आरोपी बनाया है। ये मुकदमा 7 फरवरी को




आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत दायर किया गया था। एबीजी शिपयार्ड लिमिटेड एबीजी समूह की प्रमुख कंपनी है जो जहाज निर्माण और जहाज-मरम्मत के कारोबार से जुड़ी है। ये कंपनी भारतीय जहाज निर्माण उद्योग में एक बड़ा नाम है। इसके यार्ड गुजरात के दहेज और सूरत में स्थित हैं। कंपनी ने पिछले 16 वर्षों में 165 से अधिक जहाजों (निर्यात बाजार के लिए 46 सहित) का निर्माण किया है। इस मामले में सीबीआई द्वारा दर्ज की गई शिकायत के अनुसार, अब तक 28 बैंकों और वित्तीय संस्थानों का कुल एक्सपोजर 22,842 करोड़ है, जिसमें से एबीजी पर आईसीआईसीआई को सबसे अधिक राशि 7,089 करोड़ का बकाया है। इसके अलावा आईडीबीआई बैंक का 3,639 करोड़, एसबीआई का 2,925 करोड़, बैंक ऑफ बड़ौदा का 1,614 करोड़ और पंजाब नेशनल बैंक का 1,244 करोड़ बकाया है।

अन्य बड़े बैंक धोखाधड़ी में सीबीआई विजय माल्या मामले की जांच कर रही है जिसमें 9,000 करोड़ रुपये शामिल हैं। इसके अलावा पंजाब नेशनल बैंक धोखाधड़ी में नीरव मोदी और मेहुल चोकसी शामिल हैं, जिन पर बैंकों का लगभग 14,000 करोड़ रुपये बकाया है।

## अभी भी रुला रहा कोरोना! 45 रुपए किलो से बसें बेचने को मजबूर कारोबारी

**तिरुवंतपुरम।** शताब्दी वर्ष में आने वाली बीमारियों में एक कोरोना महामारी ने हर किसी को अर्श से फर्श पर ला दिया। किसी की नौकरी छिनी तो कोई अपना धंधा खो बैठा। ऐसा ही कुछ केरल के पर्यटन कारोबारियों पर भी पड़ा है। केरल में कोरोना महामारी के कारण कारोबार प्रभावित होने का अंदाजा इसी बात से लगा लीजिए कि एक बस संचालक अपनी बसों को कबाड़ के भाव बेचने को मजबूर है। रिपोर्ट के मुताबिक, कारोबारी अपनी बसें 45 रुपए प्रति किलो के हिसाब से बेच रहा है।

केरल में बस मालिकों के संघ कॉन्ट्रैक्ट कैरिज ऑपरेटर्स एसोसिएशन के अनुसार, राज्य में पर्यटक बसों की कुल संख्या महामारी के दौरान



14,000 से घटकर 12,000 हो गई है। स्क्रैप की दर पर अपनी बसों को बेचने के लिए तैयार ऑपरेटर रॉय टूरिज्म के मालिक कोच्चि स्थित रॉयसन जोसेफ हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 12-18 महीनों में उन्होंने अपनी 20 पर्यटक बसों में से 10 को बेच दिया क्योंकि यात्रा प्रतिबंधों के कारण उन्हें काफी नुकसान झेलना पड़ा है। जोसेफ ने अपनी बसें 45 रुपए प्रति किलो के हिसाब से बेची हैं। सीसीओए के प्रदेश अध्यक्ष बीनू जॉन के अनुसार, इस सप्ताह के पहले तीन दिनों में केवल तीन बसों ने मुन्नार की यात्रा की। आमतौर पर फरवरी में मुन्नार की सड़कों पर भारी आवाजाही रहती है, लेकिन इस बार ऐसा कुछ देखा नहीं गया। पिछले दो महीनों में अकेले बैंकों या साहूकारों द्वारा एक हजार से अधिक पर्यटक बसें संलग्न की गईं। हालांकि सटीक संख्या मार्च के बाद सामने आएगी। हाल ही में लागू किए गए वीकेंड लॉकडाउन ने बस संचालकों को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाया है। भारी भरकम रोड टैक्स का भुगतान और सवारियों की किल्लत के कारण बस संचालक अपनी बसें कबाड़ के भाव बेचने को मजबूर हैं।

## न्यूज़ ट्रैक....

### जयशंकर ने पायने को भेंट किया विराट के हस्ताक्षर वाला बल्ला

**मेलबर्न** । भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने प्रतिष्ठित मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) दौरे में ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री मारिस पायने को टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली के हस्ताक्षर वाला एक क्रिकेट बल्ला भेंट किया है। जयशंकर यहां क्वाड विदेश मंत्रियों की एक अहम बैठक में भाग लेने आये थे। जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और जापानी विदेश मंत्री हयाशी योशिमासा के साथ सबसे बड़े ऑस्ट्रेलियाई स्टेडियम का दौरा करने के बाद कहा, एक व्यस्त दिन का उपयुक्त अंत। पायने ने क्वाड के विदेश मंत्रियों की मेजबानी की। विदेश मंत्री के तौर पर अपने पहले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पहुंचे जयशंकर ने ट्वीट किया, क्वाड के विदेश मंत्रियों ने मेलबर्न क्रिकेट मैदान का दौरा किया। इस दौरान पायने को विराट के हस्ताक्षर वाला एक बल्ला भी भेंट किया गया। वहीं इसी के साथ ही चीन को एक स्पष्ट संदेश देते हुए जयशंकर ने कहा, निष्पक्ष खेल और खेल के नियमों का संदेश।

### विराट को लेकर परेशान नहीं हैं रोहित

**अहमदाबाद** । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली के बल्लेबाजी में खराब प्रदर्शन के बाद भी टीम प्रबंधन परेशान नहीं है। प्रबंधन के अनुसार विराट जिस स्तर के बल्लेबाज है उसको देखते हुए उन्हें किसी प्रकार की सलाह की जरुरत नहीं है। विराट ने पिछले दो साल से कोई शतक नहीं लगाया है। इस सीरीज में भी वह अब तक बड़ी पारी नहीं खेल पाये हैं। विराट ने अब तक इस सीरीज में एक बार भी 20 रनों के ऊपर नहीं पहुंचा पाये हैं। उनका अधिकतम स्कोर 18 रन ही रहा है। विराट के इस सीरीज में लगातार खराब प्रदर्शन से उनके प्रशंसकों में निराशा है पर नये कप्तान रोहित शर्मा बिलकुल भी परेशान नहीं हैं। रोहित ने इसी कारण कहा कि विराट को किसी सहायता की जरुरत नहीं हैं। विराट ने अब तक तीनों एकदिवसीय मुकाबलों में जल्दबाजी में अपना विकेट खोया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में विराट ने अर्धशतक लगाया था पर वह उसके शतक में नहीं बदल पाये। रोहित ने कहा, यह एक अलग बात है कि वह शतक नहीं लगा पाए हैं पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने तीन मुकाबलों में 2 बार अर्धशतक लगाया है। ऐसे में मुझे नहीं लगता है कि उन्हें बल्लेबाजी में कोई परेशानी है। टीम मैनेजमेंट भी इस मामले में परेशान नहीं है।

### निजी तस्वीरें और वीडियो चोरी होने से परेशान इतालवी फुटबॉल रेफरी डायना

**रोम** । इतालवी फुटबॉल रेफरी डायना डि मेओ ने खुलासा किया है कि वह रिवेंज पोर्न का शिकार हुई हैं। पेस्कारा शहर की 22 वर्षीय डायना ने कहा कि उसकी निजी तस्वीरें और वीडियो चुराकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दी गई।उन्होंने अधिकारियों को इसकी सूचना दी। अगर अपराधी पकड़े गए,तब उन्हें छह साल तक की जेल हो सकती है। डि मेओ ने बताया, मुझे घर में बंद कर दिया गया है, मैं दो दिनों से रो रही हूं।

**आईपीएल टीम : सुरेश रैना और स्टीव स्मिथ अनसोल्ड रह गए**

# राजस्थान ने देवदत्त पडिक्कल को 7.75 करोड़ में खरीदा

**बैंगलुरू।** IPL का मेगा ऑक्शन चल रहा है। 10 टीमें 600 खिलाड़ियों के लिए बोली लगा रही हैं। अभी दूसरे राउंड की बोली चल रही है। शुरुआत मार्की खिलाड़ियों के साथ हुई। पंजाब और राजस्थान का पर्स अन्य टीमों से ज्यादा है, लिहाजा ये टीमें एग्रेसिव बिडिंग कर रही हैं। वहीं, मुंबई और चेन्नई का पर्स छोटा है। वे संभलकर बोली लगा रही हैं। चलिए जान लेते हैं कि अब तक किस टीम में कौन-कौन खिलाड़ी शामिल हुए हैं।

**पंजाब किंग्स**

ऑक्शन में अब तक खरीदेः शिखर धवन (8.5 करोड़), कगिसो रबाडा (9.25 करोड़), रिटेन प्लेयरः मयंक अग्रवाल (12 करोड़),अर्शदीप सिंह (4 करोड़)

**सनराइजर्स हैदराबाद**

ऑक्शन में अब तक खरीदेः अभी खाता नहीं खुला। रिटेन प्लेयरः केन विलियमसन (14 करोड़),अब्दुल समद (4 करोड़), उमरान मलिक (4 करोड़)

**राजस्थान रॉयल्स**

ऑक्शन में अब तक खरीदेः आर अश्विन (5 करोड़), ट्रेंट बोल्ट (8 करोड़),शिमरोन हेटमायर (8.50 करोड़), देवदत्त पडिक्कल (7.75 करोड़), रिटेन प्लेयर- संजू सैमसन (14 करोड़), जोस बटलर (10




करोड़), यशस्वी जायसवाल (4 करोड़)

**लखनऊ सुपरजायंट्स**

ऑक्शन में अब तक खरीदेः क्विंटन डि कॉक (6.75 करोड़), मनीष पांडे (4.60 करोड़), साइन प्लेयर केएल राहुल (17 करोड़), मार्कस स्टोइनिस (11 करोड़), रवि बिश्नोई (4 करोड़)

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु**

ऑक्शन में अब तक खरीदेः फाफ डु प्लेसिस (7 करोड़) रिटेन प्लेयर् विराट कोहली (15 करोड़), ग्लेन मैक्सवेल (11 करोड़), मोहम्मद सिराज (7 करोड़), गुजरात टाइटन्स ऑक्शन में अब तक खरीदेः मोहम्मद शमी (6.25 करोड़), जेसन रॉय (2 करोड़) साइन प्लेयर् हार्दिक पंड्या (15 करोड़), राशिद खान

**मुंबई इंडियंस**

ऑक्शन में अब तक खरीदेः अभी खाता नहीं खुला। रिटेन प्लेयर् रोहित शर्मा (16 करोड़), जसप्रीत बुमराह (12 करोड़), सूर्य कुमार यादव (8 करोड़), कीरोन पोलार्ड (6 करोड़)

**चेन्नई सुपर किंग्स**

ऑक्शन में अब तक खरीदेः रोबिन उथप्पा (2 करोड़) रिटेन प्लेयर् रविंद्र जडेजा (16 करोड़), एमएस धोनी (12 करोड़), मोईन अली (8 करोड़), ॠतुराज गायकवाड (6 करोड़)

**कोलकाता नाइट राइडर्स**

ऑक्शन में अब तक खरीदेः पैट कमिंस (7.25 करोड़), श्रेयस अय्यर (12.5 करोड़), रिटेन प्लेयर् आंद्रे रसेल (12 करोड़), वरुण चक्रवर्ती (8 करोड़), वेंकटेश अय्यर (8 करोड़), सुनील नारायण (6 करोड़)

**दिल्ली कैपिटल्स**

ऑक्शन में अब तक खरीदे्डेविड वॉर्नर (6.25 करोड़), रिटेन प्लेयर् ॠषभ पंत (16 करोड़), अक्षर पटेल (12 करो?), पृथ्वी शॉ (8 करोड़), एनरिक नॉर्त्या(6 करोड़)

### ऑक्शन की चौंकाने वाली बातें

मिस्टर IPL के नाम से मशहूर सुरेश रैना अनसोल्ड रहे। उनका बेस प्राइस 2 करोड़ रुपए था। आईपीएल 2021 के दौरान बीच सीजन के दौरान ही चेन्नई ने उन्हें ड्रॉप कर दिया गया था। IPL में राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी कर चुके स्टीव स्मिथ भी अनसोल्ड रहे। उनका बेस प्राइस भी 2 करोड़ रुपए था। पिछले साल स्मिथ दिल्ली कैपिटल्स की टीम का हिस्सा थे।

रॉबिन उथप्पा को चेन्नई सुपर किंग्स ने उनके बेस प्राइस 2 करोड़ में खरीदा। पिछले साल भी वह इसी टीम का हिस्सा थे और उनको 3 करोड़ मिलते थे। 2 करोड़ के बेस प्राइस वाले इंग्लैंड के ओपनर जेसन रॉय को गुजरात टाइटन्स ने 2 करोड़ में खरीदा। पिछले साल सनराइजर्स हैदराबाद से भी उनको 2 करोड़ रुपए ही मिलते थे।

### खिलाड़ियों को रीटेन करने पर टीमों का खर्च

हर टीम के पास नीलामी के लिए 90 करोड़ रुपए थे, जिनमें अधिकतम 4 खिलाड़ियों को रीटेन करने पर 90 करोड़ रुपए के पर्स में से 42 करोड़ रुपए माइनस हो जाते हैं। किसी भी टीम की पहली पसंद वाले खिलाड़ी को रीटेन करने पर 16 करोड़ रुपए, दूसरी पसंद के खिलाड़ी को रीटेन करने पर 12 करोड़ रुपए, तीसरे और चौथे खिलाड़ी को रीटेन करने पर क्रमश् 8 करोड़ और 6 करोड़ रुपए देने होते हैं। वहीं मार्की खिलाड़ी उन्हें कहा जाता है जिन पर ऑक्शन के दौरान सबसे पहले बोली लगाई जाती है। ये खिलाड़ी आमतौर पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी बड़ा नाम बना चुके होते हैं।

# कोहली के नाम 14 साल और 260 वनडे में दूसरी बार दर्ज हुआ अनचाहा रिकॉर्ड



**मुंबई** । भारत और वेस्टइंडीज के बीच अहमदाबाद में 3 वनडे सीरीज का आखिरी मुकाबला खेला जा रहा है। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम पहले 2 वनडे जीतकर सीरीज अपने नाम कर चुकी है। उसके पास तीसरा वनडे जीतकर पहली बार वेस्टइंडीज को क्लीन स्वीप करने का मौका है। हालांकि, टीम की मैच में शुरुआत अच्छी नहीं रही। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया ने 50 रन के भीतर ही 3 विकेट गंवा दिए। एक बार फिर विराट कोहली बल्ले से फ्लॉप साबित हुए।वहां खाता भी नहीं खोल सके। उन्हें अल्जारी जोसेफ ने भारतीय पारी के चौथे ओवर में अपना शिकार बनाया। कोहली कप्तान रोहित के आउट होने के बाद बल्लेबाजी के लिए आए थे। लेकिन अपनी दूसरी ही गेंद पर बिना खाता खोले आउट हो गए। दरअसल, कोहली कैरेबियाई गेंदबाज जोसेफ की जिस गेंद पर आउट हुए।वहां लेग स्टम्प के काफी बाहर थी।इसपर कोहली ने फ्लिक शॉट खेलना चाहा। लेकिन गेंद उनके बल्ले पर नहीं आई और अंदरूनी किनारा लेकर विकेटकीपर शाई होप के दस्तानों में गई और भारत को एक ही ओवर में रोहित और विराट के रूप में दो बड़े झटके लगे।कोहली इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज के एक मुकाबले में भी शून्य पर आउट हुए थे। कोहली वनडे करियर में 15वीं और वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरी बार शून्य पर आउट हुए हैं। इसके साथ ही वहां वीरेंद्र सहवाग और सुरेश रैना के वनडे में सबसे अधिक शून्य पर आउट होने के अनचाहे रिकॉर्ड से आगे बढ़ गए। वनडे में सबसे अधिक 0 पर आउट होने वाले भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर (20) हैं। उनके बाद युवराज सिंह (18) और सौरव गांगुली (16) आते हैं। कोहली ने वनडे से पहले तक 21 पारियों में शतक नहीं लगाया था।







# आयुष्मान खुराना को याद आ रहे हैं पुराने दिन



आयुष्मान खुराना को याद आ रहे हैं पुराने दिन बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना अपनी निजी जिंदगी में डाउन टू अर्थ हैं। अपनी फिल्मों में दमदार एक्टिंग से फिल्म को हिट बनाने का माद्दा रखने वाले आयुष्मान खुराना सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहते हैं और अपनी फिल्म और निजी जिंदगी से जुड़ी फोटों शेयर करते रहते हैं। हाल ही में उन्होंने अपने पुराने दिनों को याद करते हुए एक पोस्ट शेयर किया है, आयुष्मान खुराना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी एक तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में आयुष्मान शर्टलेस हैं। उनकी दाढ़ी बढ़ी हुई है और वह उसमें बेहद उदास नजर आ रहे हैं। बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना अपनी निजी जिंदगी में डाउन टू अर्थ हैं। अपनी फिल्मों में दमदार एक्टिंग से फिल्म को हिट बनाने का माद्दा रखने वाले आयुष्मान खुराना सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहते हैं और अपनी फिल्म और निजी जिंदगी से जुड़ी फोटों शेयर करते रहते हैं। हाल ही में उन्होंने अपने पुराने दिनों को याद करते हुए एक पोस्ट शेयर किया है, आयुष्मान खुराना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी एक तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में आयुष्मान शर्टलेस हैं। उनकी दाढ़ी बढ़ी हुई है और वह उसमें बेहद उदास नजर आ रहे हैं। आयुष्मान खुराना ने अपने पोस्ट में लिखा, 'मैं अपने लंबे बालों को मिस करता हूं। मैं अपने बालों को बांधने के लिए रबर बैंड लगाता था उसे भी मिस करता हूं। मैं उन दिनों को मिस करता हूं जब घंटों सोता रहता था। मुझे उन दिनों की याद आती है जब मैं अपने होमटाउन की झील के किनारे लंबी सैर पर जाता था। मुझे अपनी पसंदीदा गानों की प्ले लिस्ट की याद आती है, जिन्हें मैं जब खुश होता था तो सुनता था। लेकिन आगे बढ़ते रहना ही जिंदगी की सच्चाई है'। आयुष्मान खुराना के इस पोस्ट पर फैंस लगातार रिएक्शन दे रहे हैं। किसी ने तारीफ की तो किसी ने उनके पसंदीदा गानों की प्लेलिस्ट भी शेयर करने की मांग कर डाली। वर्कफ्रेंट की बात करें तो आयुष्मान खुराना के पास कई फिल्में है जो अगले दो तीन महीनों में रिलीज होने वाली है।

## श्रद्धा कपूर के साथ कॉमेडी फिल्म में काम करेंगे राजकुमार राव



श्रद्धा कपूर के साथ कॉमेडी फिल्म में काम करेंगे राजकुमार राव बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव, श्रद्धा कपूर के साथ कॉमेडी फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। राजकुमार राव इस समय अपनी अगली फिल्म रूही को लेकर सुर्खियों में हैं। राजकुमार राव ने मुदस्सर अजीज की कॉमेडी फिल्म भी साइन कर ली है। बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव, श्रद्धा कपूर के साथ कॉमेडी फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। राजकुमार राव इस समय अपनी अगली फिल्म रूही को लेकर सुर्खियों में हैं। राजकुमार राव ने मुदस्सर अजीज की कॉमेडी फिल्म भी साइन कर ली है। बताया जा रहा है कि पहले यह फिल्म अक्षय कुमार को ऑफर हुयी थी लेकिन डेटस नहीं होने की वजह से अक्षय ने यह फिल्म छोड़ दी। फिल्म में अक्षय कुमार की जगह अब राजकुमार राव नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में राजकुमार राव के साथ श्रद्धा कपूर नजर आ सकती है। बताया जा रहा है कि राजकुमार जल्द ही फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर देंगें। माना जा रहा है कि फिल्म इसी साल या 2022 की शुरूआत में रिलीज हो सकती है। इस फिल्म को जैकी भगनानी प्रोड्यूस करने वाले हैं।

## काजोल ने कॉफी बहुत पसंद होने की बात साझा की

अभिनेत्री काजोल ने बुधवार को कॉफी को बहुत प्यार करने की अपनी कहानी शेयर की। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, एक समय



की बात है, जहां एक लड़की रहती थी। उसे कॉफी बहुत पसंद थी .. और वे खुशी-खुशी रहते थे। समाप्त। काजोल इंस्टाग्राम पर अपने प्रशंसकों और फॉलोअर्स से हमेशा मस्ती करती रहती हैं। हाल ही में पोस्ट की गई एक अन्य स्टोरी में अभिनेत्री ने लिखा, मजबूत लोग भी टूट जाते हैं, वे बस चुप रहते हैं, पुनर्निर्माण करते हैं और चलते रहते हैं।

# सुनयना फौजदार ने बताई दया बेन के वापसी को लेकर बात



टेलीविज़न इतिहास के सबसे मशहूर कॉमेडी सीरियल तारक मेहता का उल्टा चश्मा को 13 साल हो चुके है। ये शो आज भी लोगो को काफी भाता है। बीते कुछ समय से शो के हालाँकि कई किरदार शो को छोड़ कर जा चुके है। हालाँकि इससे शो को कुछ ख़ास फर्क नहीं पड़ा है। हल ही में नेहा मेहता के किरदार अंजलि को रिप्लेस करने वाली सुनैना फौजदार ने दयाबेन के वापसी को लेकर बात की। साल 2017 के बाद से दिशा शो मे वापस नहीं आई है। हालाँकि कुछ सीन के जरिये एकाध बार उन्हें देखा गया है, हालाँकि इसके बावजूद भी उनके वापस को लेकर कोई स्पष्ट बात अब तक मालूम नहीं चला है। दिशा ने उस समय शो को प्रेगनेंसी के कारन से छोड़ा था। दिशा के शो छोड़ने के बाद मेकर्स कई बार उन्हें वापस लाने की कोशिश किये लेकिन सफलता किसी को नहीं मिला। हालाँकि असित मोदी ने भी दिशा का कोई रिप्लेसमेंट नहीं ढूंढा। सुनैना ने कहा की, काश मुझे इस सवाल का जवाब मालूम होता। मैं दिशा से कभी नहीं मिली लेकिन उनसे मिलना चाहूंगी। हमे अब तक उनकी वापस को लेकर कोई बात नहीं बताई गयी है। हम में से किसी को इस बात की जानकारी नहीं है। हालाँकि शायद असित सर के पास इसका जवाब हो हम खुद भी कई बार एक दूसरे से पूछा करते है। किसी को कुछ नहीं मालूम है। इसके अलावा सुनैना ने कहा की शो सभी का है और यही इसकी ख़ास बात है।

# 'राम सेतु' में अक्षय कुमार के साथ ये दो खूबसूरत एक्ट्रेस आएगी नजर, दिवाली पर होगी रिलीज

अभिनेता अक्षय कुमार की अपकमिंग फिल्म 'राम सेतु' काफी दिनों से चर्चा में हैं। अब इस फिल्म को लेकर एक नई अपडेट सामने आई है। हालिया रिपोर्ट की मानें तो फिल्म में लीड एक्ट्रेस के रोल में जैकलीन फर्नांडीज और नुसरत भरूचा का नाम फाइनल हो गया है। लेकिन अभी इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।




बता दें कि एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस अक्षय कुमार के साथ 'ब्रदर्स', 'हाउसफुल 2' और 'हाउसफुल 3' फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। जबकि नुसरत पहली बार अक्षय के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करती नजर आएंगी। फिल्म 'राम सेतु' की शूटिंग यूपी के 'अयोध्या' में की जाएगी। फिल्म का निर्देशन अभिषेक शर्मा कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, फिल्म को अगले साल 2022 में दिपावली के मौके पर रिलीज किया जा सकता है। अभिनेता अक्षय कुमार ने पिछले साल दिपावली के मौके पर फिल्म का पोस्टर शेयर कर फिल्म के बारे में जानकारी दी थी। उन्होंने ट्विटर पर पोस्टर शेयर कर लिखा, 'इस दीपावली हम सभी भारतीयों की चेतना में एक ऐसे सेतु का निर्माण करेंगे जो भगवान राम के आदर्शों को युगों-युगों तक जीवित रखने का प्रयास करेंगे। जो आने वाली पीढ़ियो को जोड़ेगा, इस विशाल कार्य में हमारा छोटा सा संकल्प राम सेतु।' वर्कफ्रेंट की बात करें तो अक्षय कुमार इस साल कई फिल्मों में नजर आने वाले हैं। वह आगामी फिल्म 'बच्चन पांडे' की जैसलमेर में शूटिंग कर रहे हैं। इसके अलावा अभिनेता जल्द ही रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी फिल्म 'सूर्यवंशी' में नजर आने वाले हैं।

## अभिनेत्री आलिया भट्ट ने लॉन्च किया अपना इटरनल सनशाइन प्रोडक्शंस हाउस

अभिनेत्री आलिया भट्ट ने लॉन्च किया अपना इटरनल सनशाइन प्रोडक्शंस हाउस फिल्म अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अपना खुद का प्रोडक्शन हाउस इटरनल सनशाइन प्रोडक्शंस लॉन्च कर दिया है। इसकी आधिकारिक घोषणा के साथ ही आलिया ने अपनी कंपनी का लोगो इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है। फिल्म अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अपना खुद का प्रोडक्शन हाउस इटरनल सनशाइन प्रोडक्शंस लॉन्च कर दिया है। इसकी आधिकारिक घोषणा के साथ ही आलिया ने अपनी कंपनी का लोगो इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है। उसने लिखे पोस्ट में कहा और मुझे यह घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है. प्रोडक्शन! इटरनल सनशाइन प्रोडक्शंस। हम आपको कहानियां सुनाएंगे. खुशी भरी कहानियां, हर तरह की कहानियां। सच्ची कहानियां, टाइमलेस कहानियां। आलिया भट्ट की बहन शाहीन ने भी अपने इंस्टाग्राम पेज पर प्रोडक्शन हाउस के बारे में पोस्ट किया है।2019 के बाद से आलिया के प्रोडक्शन हाउस के बारे में खबरें आ रही थी लेकिन अभी तक इस बारे में कुछ भी आधिकारिक रूप से नहीं कहा गया था।



# वेब श्रृंखला चक्रव्यूह एक महत्वपूर्ण शो है: रूही सिंह



अभिनेत्री रूही सिंह ने आगामी वेब श्रृंखला चक्रव्यह : एन इंस्पेक्टर वीरकर क्राइम थ्रिलर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वह कहती हैं कि इस शो में उन्हें एक बहु-चरित्र वाला किरदार निभाने का मौका मिला है। वह इस तरह की भूमिका निभाना चाहती थीं। रूही ने कहा, मुझे विभिन्न प्रकार की भूमिकाओं को एक्सप्लोर करना पसंद है और चक्रव्यूह ने मुझे सही अवसर दिया है। इस वेब सीरीज में, मैं एक ऐसी लड़की की भूमिका निभा रही हूं, जिसे अचानक डार्क वेब की भयावहता का सामना करना पड़ता है और वह उससे बाहर निकलने की पूरी कोशिश करती है। वह बहुत कठिनाई, निराशा और भावनात्मक उथल-पुथल का अनुभव करती है। उन्होंने कहा, यह शो एक ऐसे विषय को प्रकाश में लाता है जो बहुत वास्तविक है, लेकिन दिखाया या बोला नहीं जाता है। मुझे लगता है कि चक्रव्यूह : एक इंस्पेक्टर वीरकर क्राइम थ्रिलर वर्तमान समय में बनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण शो है। शो में प्रतीक बब्बर नायक की भूमिका निभाते दिखेंगे, जबकि सिमरन कौर मुंडी को शो में उनकी प्रेमिका के रूप में दिखाया गया है। साजित वारियर द्वारा निर्देशित, इस शो में आशीष विद्यार्थी, शिव पंडित, गोपाल दत्त और दिवंगत आसिफ बसरा भी हैं। यह एमएक्स प्लेयर पर 12 मार्च को रिलीज होगी।

# जानिए महिलाओं के लिए क्यों फायदेमंद होती है गाजर



इस बात में कोई संदेह नहीं है कि महीने के वो दिन हर महिला के लिए बहुत तकलीफदेह होते हैं। ज्यादातर महिलाओं को पीरियड्स के दौरान तेज दर्द, चिड़चिड़ेपन और अनियमित स्त्राव की शिकायत रहती है। इसके साथ ही कइयों को पीठ दर्द और पैर दर्द का सामना करना पड़ता है तो गाजर का जूस पीना आपके लिए बहुत फायदेमंद रहेगा। अगर जूस न पीना चाहें तो गाजर खाना भी उतना ही फायदा देगा। किसी भी रूप में गाजर का सेवन करना पीरियड्स के दौरान फायदेमंद रहता है। ये ब्लड-फ्लो को ठीक रखता है, दर्द में राहत देता है और चिड़चिड़ाहट को भी कम करता है........

### आयरन से भरपूर

पीरियड्स के दौरान खून निकलने से अनीमिया की समस्या भी हो सकती है। ऐसे में आयरन की मात्रा लेते रहना फायदेमंद रहेगा। यह एक सबसे प्रमुख कारण है जिसकी वजह से पीरियड्स में गाजर खाने की सलाह दी जाती है।

### बीटा कैरोटीन से भरपूर

पीरियड्स के दौरान बीटा कैरोटीन से भरपूर चीजों का सेवन करना फायदेमंद रहता है। ये हैवी ब्लड फ्लो को नियंत्रित करने का काम करता है।

### दर्द से आराम दिलाने में

गाजर न केवल ब्लड फ्लो को नियंत्रित करने का काम करता है बल्कि इस दौरान होने वाले दर्द में भी राहत दिलाता है। साथ ही मूड को भी ठीक रखता है।

## मुंह की दुर्गंध से शर्मिंदा होना छोड़े और जानिए क्यों आती हैं बदबू



रोजाना ब्रश करने के बावजूद भी कुछ लोगों के मुंह से दुर्गंध आती है। मुंह की दुर्गंध की वजह से उन्हें कई बार शर्मिंदगी का भी सामना करना पड़ता है। ऐसा अक्सर मुंह के बैक्टीरिया की वजह से होता है। इसके अलावा कुछ गलत आदतों और किसी बीमारी की वजह से भी मुंह में से बदबू आने लगती है। आइए जानिए ऐसे ही कुछ कारण जिस वजह से मुंह से दुर्गंध आती है।

### 1. एल्कोहल का सेवन

जो लोग शराब का अधिक सेवन करते हैं उनमें मुंह की दुर्गंध की समस्या देखी जाती है। शराब पीने से पाचन क्रिया खराब हो जाती है जो सांसों की बदबू का कारण बनती है।

### 2. तनाव

अधिक तनाव लेने की वजह से भी डाइजेशन सिस्टम पर बुरा प्रभाव पड़ता है जिस वजह से मुंह से दुर्गंध आने लगती है।

### 3. गले में इंफैक्शन

मौसम बदलने के साथ ही गले में इंफैक्शन और खांसी की समस्या हो जाती है। इंफैक्शन की वजह से मुंह में बैक्टीरिया पैदा हो जाते हैं जिस वजह से सांसों में से बदबू आने लगती है।

### 4. लीवर या किडनी की बीमारी

किसी बड़ी बीमारी की वजह से भी मुंह से दुर्गंध आने लगती है जैसे लीवर या किडनी में सूजन, एसिडिटी और डायबिटीज।

## मुँह बोला रिश्ता

**डॉ. रीना रवि मालपानी**

रामनिवास बहुत ही भावुक और दूसरों पर अत्यधिक अपनत्व लुटाने वाला और विश्वास करने वाला व्यक्ति था। नियति की विडम्बना ने उसकी बहन को बचपन में ही छीन लिया। रामनिवास की पत्नी हरिश्री अत्यधिक समझदार थी। वह अकसर रामनिवास को रिश्तों की गंभीरता को समझने पर बल देती थी, पर रामनिवास सारी दुनिया को निःस्वार्थ प्रेम लुटाने वाला ही समझता था। राखी वाला दिन था, रामनिवास बहन की यादों में डूबा था। अचानक उसके परममित्र के परिवार का आगमन हुआ और संयोगवश राखी-डोरे का संबंध स्थापित हुआ, पर हरिश्री जीवन की गहराइयों से भली-भाँति परिचित थी। वह जानती थी मुँह बोले रिश्तों की सच्चाई। इस नए रिश्ते में पूरा समर्पण रामनिवास का ही था। वह मामा बनने पर बच्चों पर अपनत्व और प्रेम लुटाया करता था। जब भी बहन की माँ रोगग्रस्त हुई तबभी रामनिवास ने पूरे समय दायित्व का निर्वहन किया। पारिवारिक शादियों में भी रामनिवास ने अपना भरपूर सहयोग प्रदान किया। रामनिवास निश्छल व्यक्तित्व का धनी था अतः उसने इस मुँह बोले रिश्ते को निभाने में कोई कमी नहीं छोड़ी। जरूरत के अनुसार बच्चों की देखरेख, बाहर से सामान लाना और जरूरत के हर समय वह खड़ा रहता था। रामनिवास पूर्ण तन्मयता से सब कुछ करता था। अबकी बार बारी थी रामनिवास के मुँह बोले रिश्ते की परीक्षा की, इस बार रामनिवास के बच्चों के जीवन पर संकट के काले बादल छा गए। अब रामनिवास को भी इसी सहयोग की जरूरत थी, पर उसके मुँह बोले रिश्ते ने दिखावे का मुखौटा धारण किया हुआ था, जिसमें ऊपरी दिखावा और अंदर भरपूर मनोरंजन समाहित था। उन्हें तो रामनिवास के दुःख से कोई सरोकार नहीं था। हरिश्री ने रामनिवास का इस ओर ध्यान आकृष्ट भी किया, पर रामनिवास तो आँख मूंदकर बैठा था। कुछ समय पश्चात समय रामनिवास की आँखें खोलने आया। रामनिवास को विषम शारीरिक अस्वस्थता का सामना करना पड़ा। उसे ईलाज के लिए बाहर ले जाया गया। बच्चे और पत्नी सभी बेहद चिंतित और परेशान थे, पर परीक्षा की इस घड़ी में भी राखी वाला संबंध खरा न उतर सका और मुँह बोले रिश्ते ने अपनी सच्चाई दिखा दी। वह तो छोटी सोच वाला धराशायी रिश्ता था। इतनी बड़ी जरूरत में कैसे खड़ा हो सकता था। जब रामनिवास पूर्णतः स्वस्थ्य हुआ तो उसकी आँखें खुल गई और उसकी आँखों से अश्रु बह रहे थे और हरिश्री की हर चेतावनी उसे याद आ रही थी। इस लघुकथा से यह शिक्षा मिलती है की रिश्ते किसी भी मापदंड के भूखे नहीं होते और जो ऐसे होते है वह सच्चे रिश्ते नहीं कहलाते। रिश्तों में भावुकता, अपनत्व और प्रेम का निर्धारण सामने वाले को जानकर ही करना चाहिए। रामनिवास के निश्छल प्रेम का मुँह बोले रिश्ते ने कोई सम्मान नहीं किया। अतः अपना समय ऐसे रिश्तों में व्यतीत करें जो जरूरत के समय अविराम व अडिग खड़े रहें और बिना अपेक्षा के भी पूर्ण सहयोग और मदद को तत्पर रहें।

# प्रजातंत्र के चुनावी महायज्ञ में मतदाता आहूति अवश्य ही डाले भले ही वह नोटा हो: खबरी लाल

विश्व के सबसे प्राचीन लोकतंत्र भारत में संविधान द्वारा अपने नागरिक को मतदान का अधिकार दिया है।इन अधिकार का प्रयोग कर मतदाता अपने पसंद के अधिकारो कि रक्षा हेतु अपने जन प्रतिनिधि को अपने मतदान का प्रयोग कर संसद व विधान सभा में चुन कर भेजती है। लेकिन दुःख की बात यह है कि भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में संसद व विधान मंडलों के चुनावों में शैक्षिक योग्यता का कोई प्रावधान ना होने के कारण पूर्ण रूपेण अशिक्षित व्यक्ति भी वहाँ पहुँच कर राज्य व राष्ट्र के निमार्ण में नीति निंमाताओं व कानुन के श्रृजन मे अपना योगदान दे रहा है वही दुसरी ओर समाजिक व शासकीय व्यवस्था में किसी भी कर्मचारियो की नियुक्ति की

प्रक्रिया में उनकी शैक्षिक योग्यता है। जिस की समय समय पर उसके पद के अनुसार निर्धारित कि जाती है। संविधान निंमार्ण के समय डा0 राजेन्द्र प्रसाद ने योग्यता के विन्दू पर अपना मत व्यक्त करते हुए कहा था कि संसद में जन प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित हो कर राष्ट्र निंमाण का कार्य करने वाल व्यक्ति भले ही शैक्षिक रूप सम्पन्न ना हो किन्तु वह निश्चित रूप से सचरित्र हो ,उस के चरित्र पर रांदेह ना हो , जिसे वह विना धर्म जाति आदि के मोह पाश में पडे % समाज व राष्ट्र निर्माण के हित में निर्णय ले सकें। उन्होंने शैक्षिक योग्यता की जगह जन प्रतिनिधि की आचरण व सचरित्र पर लोक तंत्र के लिए आधार माना था।किन्तु इन दिनों व्यवहार मे यह देखा जा रहा है कि पुरी तरह से इस संदर्भ में तस्वीर ही अलग है। सचरित्र व निष्ठावान व्यक्ति चुनाव से अपने के दुर रखना पसंद करते है वही माफिया %गुडे अपराधिक प्रवृति के लोग जन प्रतिनिधि के रूप अपना साम्राज्य स्थापित कर लिया है।

आज सभी राजनीतिक दलों ने चुनाव में वाहु बली व माफियाओं को टिकट दे कर अपना पीट थपथपा रही है। भारतीय राजनीति के उपर संकट के काले कारनामों वाले जन प्रतिनिधि के रूप विधायी व्यवस्था में अपनी शक्ति का प्रयोग कर रही है। जिसे समाज के जागरूक नागरिकों द्वारा ऐसी जन प्रतिनिधियों को वापस बुलाने के लिए समय समय पर मांग उठती रहती है। जिस पर अभी तक कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया गया है।हालाकि सन 2013 मे एक जन हित याचिका की सुनवाई के दौरान माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग को निंदेश देते हुए कहा कि चुनाव आयोग को वोटिग मशीन में प्रत्यासियों के नाम एवं उनके चुनाव चिन्ह के साथ नोटा का विकल्प उपलब्ध कराने का दिया गया था !

नोटा शब्द का संक्षिप्त रूप है। जिसका हिंदी में अर्थ है इन में सें कोई नहीं ÷ ढ्ढ सन 2013 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने पिपुल्स ऑफ सिविल लिबर्टीज की जन हित याचिका पर दिये गये फैसले के परिणाम स्वरूप ई वी एम मशीन में अन्तिम प्रत्याशी के नाम रूप में नोटा को सम्मलित किया गया।जिसका चुनाव चिन्ह के रूप में क्रॉस ई वी एम मशीन सबसे अन्तिम में अंकित किया गया।अब कोई भी मतदाता अपना मतदान कर ते समय अपनी पसंद व सुयोग्य प्रत्यासी नही होने पर नोटा के बटन दबाकर कर अपना मतदान कर सकता है। चुनाव आयोग की व्यवस्था के अनुसार नोटा को प्राप्त मत निर्णायक ना होकर निरस्त मतों की श्रेणी में रखें जाते है।फिर भी उसका अपना महत्व चुनाव परिणामों को करने में दिखाई पड़ते है।इस सम्बन्ध में पूर्व चुनाव आयुक्त टी एस कृष्णा मुर्ति ने यह सुझाव दिया है कि यदि चुनाव में हार जीत का अन्तर नोटा को प्राप्त मतों से कम है तो उस चुनाव को निरस्त कर पुनः चुनाव कराया जाना चाहिए ।

भारतीय लोकतंत्र के लिए महापर्व बर्ष है।सन 2022 के इस चुनावी कैलेंडर साल में 7 राज्यों की विधान सभाओं के चुनाव होने वाले है।

फिलहाल चुनाव आयोग ने पाँच राज्यो के विधान सभा चुनावों के तारीखों की घोषणा करते ही उत्तरप्रदेश,उत्तराखंड,पंजाब,गोवा और मणिपुर विधानसभा के चुनावी प्रक्रिया चल रही है। सभी प्रमुख राजनीति दलों ने अपनी कमर कस ली तथा अपनी जीत के लिए शाम,दण्ड व भेद का इत्तमाल करने में कोई कसर नही छोड रही है। वहीं इसी साल के अंत में हिमाचल प्रदेश और गुजरात के विधान सभाओं के चुनाव कराए जाएंगे।आज भारतीय राजनीति मेंअहम भूमिका निभाने वाले उतर प्रदेश में प्रथम चरण मतदान 61 त्न से अधिक मतदाताओं ने अपने मतदान किया है।दुसरे चरण का मतदान 14 फरवरी को है।

पाँच राज्यो उत्तर प्रदेश ,उत्तराखंड और पंजाब राज्यों के विधान सभा चुनावों के परिणाम यह बताएंगे कि केन्द्र में नरेंद्र मोदी के नेत्तृत्व मे भाजपा सरकार द्वारा लाये गये तीन कृषि कानूनों के खिलाफ हुए किसान आंदोलन का असर कैसा रहा। हालाकि किसान आन्दोलन के व्यापक विरोध के चलते तीनो नये कृषि कानुन को केन्द्र सरकार द्वारा वापस ले ली गई है ,जिन राज्यों में विधान सभा के चुनाव हो रहे हैं,वहाँ के विभिन्न संगठनो व अन्य श्रोतों से कराये गये सर्वे के अनुमान के मुताबिक कांग्रेस और विपक्षी दलों को इस बार बीजेपी के सामने मुश्किलें खडा कर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा सकती है। ऐसे में इन पांच राज्यों के विधान सभा के परिणाम संसद के ऊपरी सदन राज्य सभा की तस्वीर तय करेगी। राजनीति के पंडितो के अनुसार ।ऐसे मे बीजेपी के लिए अपनी पसंद के राष्ट्रपति उम्मीदवार चुनने व राज्यसभा में भी अपनी पार्टी का दबदबा बनाए रखने के लिए इन पांच राज्यों में पुराना प्रदर्शन दोहराने के लिए ऐन ,केन व प्रकरण दबाव बना रही है।तो वहीं विपक्ष राजनीति दलों के द्वारा इन पाँच राज्यों के विधान सभा के चुनाव के परिणाम को अपने पक्ष में कर बीजेपी को सबक सिखाते हुए कमजोर करने के लिए अपनी पुरी ताकत लगा रही है।वही केन्द्र की भाजपा सरकार केन्द्र सरकार के पुरी कैबिनेट %भा जा पा शासित मुख्य मंत्री %सासंद सहित तमाम पार्टी को प्रचार युद्ध झोंक दी है। वही केन्द्र की सता के कुर्शी पर आसीन बीजेपी के लिए अगामी वर्ष 2024 लोक सभा आम चुनाव से पहले यह संदेश देने की कोशिश कर रही है कि भाजपा ही भारत का भाग्य विधाता है। प्रत्येक राष्ट्र प्रेमी का शुभ चितंक है। गृह मंत्री स्वयं घर घर जाग कर मतदाताओं से अपील करने को मजबुर है कि आप अपने बोट विधायक %मंत्री या मुख्य मंत्री का चुनाव नही कर रहे ब्लकि भारत का भविष्य बनाने व उसे सुरक्षित करने के लिए हमारी पार्टी को बोट दे रहे है,लेकिन यहाँ तो सच्चाई कुछ और ही है।सन 2019 में आम चुनाव में बड़ी जीत मिलने के बाद भी बीजेपी अलग-अलग मोर्चो पर संकट का समाना करना पड़ रही है।चाहे गुड गवर्नेंस का मसला हो या राजनीति सियासत की पिच, बीजेपी के लिए उतार-चढ़ाव भरे संकेत रहे हैं।भारतीय लोकतंत्र की जनता इतनी भोली भाली नही है जितनी की केन्द्र की सता के सिंधासन पर आसीन अंहकारी भाजपा के स्वंभू चाणक्य व रणनीति कार समझ रही है तभी तो वह दिन के उजाले दिवास्वपन्न देख रही है।वे सत्ता सुःख इतने लिप्त हो गये है कि जैसे कि महाभारत के कौरवों के पिता घृष्टराष्ट्र पुत्र मोह मे कुछ धर्म - अधर्म के मध्य अन्तर दिखाई नही पड़ रहा है। इनके अंध भक्त भी ऐसी भुमिका अदा कर रहेहै। इन्हे पता होना चाहिए कि प्रजातंत्र में जनता ही जनार्दन होती है।वेअपने प्रतिनिधि को पाँच बर्षो के सत्ता के सिंधासन पर बिठाते है।ताकि के उनके प्रतिनिधि के रूप उनकी रक्षा व सुरक्षा के साथ सर्वांगीण विकाश करें।ना कि सत्ता की लोलुपता में हिटलर बन जाए। पाँच राज्यो के विधान सभा के चुनाव के परिणाम भारतीय राजनीति की दशा व दिशा देने वाली है। ऐसे समय जब देश राजनीति के कठिन दौर से गुजर रहा है। पाँच राज्यों के विधान सभा के मतदाताओं से विन्रम अपील है वह विश्व के सबसे प्रजातंत्र के महापर्व की महायज्ञ में अपनी आहुति के रूप में मतदान अवश्य ही करे भले वह नोटा क्यू ना हो , देश की जनता को इंतजार है 11मार्च 2022 का % जब पाँच राज्यो की जनता जनार्दन के फैसले के रूप विधान सभा के चुनाव के परिणाम राज्यो में सरकार बनाने के साथ अगामी माह राज्य सभा के चुनाव % राष्ट्रपति के चुनाव % वर्षे के अंत में गुजरात व हिमाचल प्रदेश के चुनाव व सबसे महत्वपूर्ण आगानी 2024 लोक सभा के चुनाव को प्रभावित करेंगी 7तब तक के लिए यह कहते हुए बिदा लेते है-ना ही काहूँ से दोस्ती ना ही काहूँ से बैर।खबरी लाल तो माँगें सबकी खैर॥

## आध्यात्मिक आकाश का प्रकाश

चिन्मय आकाश में न तो सूर्यप्रकाश की आवश्यकता है, न चन्द्रप्रकाश अथवा अग्नि या बिजली की, क्योंकि सारे लोक स्वयं प्रकाशित हैं। इस ब्रह्मांड में केवल एक लोक- सूर्य, ऐसा है जो स्वयं प्रकाशित है। लेकिन आध्यात्मिक आकाश में सभी लोक स्वयं प्रकाशित हैं। उन समस्त लोकों के (जिन्हें वैकुण्ठ कहा जाता है) चमचमाते तेज से चमकीला आकाश बनता है, जिसे ब्रह्मज्योति कहते हैं। इस तेज का एक अंश महत-तत्व अर्थात जगत से आच्छादित रहता है। जब तक जीव इस अंधकारमय जगत में रहता है, तब तक वह बद्ध अवस्था में होता है। लेकिन ज्यों ही वह भौतिक जगत रूपी मिथ्या, विकृत वृक्ष को काटकर आध्यात्मिक आकाश में पहुंचता है, त्यों ही मुक्त हो जाता है। तब वह यहां वापस लेकिन अपनी मुक्त अवस्था में आध्यात्मिक राज्य में प्रवेश करता है और परमेर का पाषर्द बन जाता है। वहां पर वह सच्चिदानंदमय जीवन बिताता है। जो इस संसार से अत्यधिक आसक्त है, उसके लिए इस आसक्ति का छेदन करना दुष्कर होता है। लेकिन यदि वह कृष्णभावनामृत को ग्रहण कर ले, तो उसके क्रमशः छूट जाने की संभावना है। उसे ऐसे भक्तों की संगति करनी चाहिए जो कृष्णभावनाभावित होते हैं। उसे ऐसा समाज खोजना चाहिए, जो कृष्णभावनामृत के प्रति समर्पित हो और उसे भक्ति करनी सीखनी चाहिए। इस प्रकार वह संसार के प्रति अपनी आसक्ति विच्छेद कर सकता है। यदि कोई चाहे कि केसरिया वस्त्र पहनने से भौतिक जगत के आकषर्ण से विच्छेद हो जाएगा, तो ऐसा संभव नहीं है। उसे भगवद्भक्ति के प्रति आसक्त होना पड़ेगा। यहां परमं मम शब्द बहुत महत्वपूर्ण हैं।

## प्लास्टिक का खतरा

**सिद्धार्थ शंकर**

अब तक कुल 18 राज्य प्लास्टिक की थैली पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा चुके हैं। इतने बड़े पैमाने पर अगर यह पहलकदमी हुई है तो निश्चित रूप से यह पर्यावरण को बचाने की दिशा में एक अहम कदम होगा। लेकिन यह तभी संभव हो पाएगा जब पहले की घोषणाओं की तरह इस बार भी सरकारें केवल दावों की औपचारिकता निभाने के बजाय इस दिशा में कुछ ठोस नतीजा-आधारित काम करेंगी। गौरतलब है कि एनजीटी प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के क्रियान्वयन और इससे संबंधित मामलों पर दाखिल सीपीसीबी की याचिका पर

सुनवाई कर रहा था। इस दौरान यह बताया गया कि 18 राज्यों ने जहां प्लास्टिक की थैलियों या उत्पादों पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी है, वहीं कुछ राज्यों ने इस मामले में आंशिक प्रतिबंध लगाया है। मगर समस्या यह है कि आज भी ऐसे कई राज्य और केंद्र शासित प्रदेश हैं जिन्होंने इस तरह की पाबंदी लगाने की औपचारिकता पूरी करना जरूरी नहीं समझा है। जबकि इससे संबंधित कानून प्लास्टिक के उपयोग को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश तय करते हैं। सवाल है कि जब इस मसले पर बने कानूनों को अमल में लाना कुछ राज्य सरकारों तक को जरूरी नहीं लगता, तो वैसे आम लोगों से क्या उम्मीद की जा सकती है जो पर्यावरण व प्रदूषण जैसी समस्याओं पर पर्याप्त स्तर पर जागरूक भी नहीं हैं! आज चारों तरफ प्लास्टिक की थैलियों या बोतलों से लेकर इससे तैयार सामान थोड़ी सुविधा की कीमत पर पर्यावरण और सामान्य जन-जीवन के लिए एक बड़ी समस्या बन चुके हैं। हालांकि जिन राज्यों ने प्लास्टिक पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है, वहां भी यह देखना बाकी है कि व्यवहार में यह कितना लागू है। लेकिन जहां आंशिक प्रतिबंध लगाया गया है, वहां सिर्फ अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस %छूट% का फायदा किस तरह उठाया जा रहा होगा। यह पूरी तरह साफ है कि रोजमर्रा के जीवन में आम हो चुका प्लास्टिक आज किस हद तक प्रदूषण का वाहक बन गया है। शहरों-महानगरों के तमाम नाले अगर जाम होते हैं, सड़कों पर और मोहल्लों में गंदा पानी फैल जाता है, उसमें रासायनिक प्रतिक्रियाओं की वजह से हवा और पानी में जहरीले तत्व घुलते हैं तो इसके लिए जिम्मेदार बड़ी तादाद में रोजमर्रा के इस्तेमाल में आने वाला प्लास्टिक ही है। लोग थोड़ी सुविधा के लिए प्लास्टिक की थैलियों या इससे बने सामान का उपयोग तो करते हैं, लेकिन इसके पर्यावरणीय प्रभावों की अनदेखी करते हैं। दूसरी ओर, सरकार को भी प्लास्टिक के उपयोग पर लगाम लगाने वाले नियम-कायदों को सख्ती से अमल में लाना जरूरी नहीं लगता। एक सवाल यह भी है कि अगर प्लास्टिक से तैयार सामान का उत्पादन होता रहेगा तो इसके उपयोग को प्रतिबंधित करना कितना संभव होगा! पूरे विश्व में प्लास्टिक का उपयोग इस कदर बढ़ चुका है और हर साल पूरे विश्व में इतना प्लास्टिक फेंका जाता है कि इससे पूरी पृथ्वी के चार घेरे बन जाएं। प्लास्टिक केमिकल बीपीए शरीर में विभिन्न स्त्रोतों से प्रवेश करता है। एक अध्ययन में पाया गया कि छह साल से बड़े 93 प्रतिशत अमेरिकन जनसंख्या प्लास्टिक केमिकल बीपीए (कुछ खास किस्म का प्लास्टिक साफ और कठोर होती है, जिसे बीपीए बेस्ड प्लास्टिक कहते हैं, इसका इस्तेमाल पानी की बॉटल, खेल के सामान, सीडी और डीवीडी जैसी कई वस्तुओं में किया जाता है) को अवशोषित कर लेती है। प्लास्टिक नॉन-बॉयोडिग्रेडेबल होता है। यह ऐसे पदार्थ होते हैं जो बैक्टीरिया के द्वारा ऐसी अवस्था में नहीं पहुंच पाते जिससे पर्यावरण को कोई नुकसान न हो। कचरे की रिसायकलिंग बेहद जरूरी है क्योंकि प्लास्टिक की एक छोटी सी पोलिथिन को भी पूरी तरह से छोटे पार्टिकल्स में तब्दील होने में हजारों सालों का समय लगता है और इतने ही साल लगते हैं प्लास्टिक की एक छोटी सी पॉलिथिन को गायब होने में। जब प्लास्टिक को कचरे के तौर पर फेंका जाता है यह अन्य चीजों की तरह खुदबखुद खत्म नहीं होता। हम जानते हैं इसे खत्म होने में हजारों साल लगते हैं यह पानी के स्त्रोतों में मिलकर पानी प्रदूषित करता है। प्लास्टिक बैग्स बहुत से जहरीले केमिकल्स से मिलकर बनते हैं। जिनसे स्वास्थ्य व पर्यावरण को बहुत हानि पहुंचती है। इस खतरे से हम अनभिज्ञ नहीं हैं, मगर जागरूक नहीं हैं।

# विश्व रेडियो दिवस 2022 थीम और महत्व

### सूडोकु नवताल- 5981

★★★✯✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | | 1 | | 8 | | 2 |
| | 5 | | 8 | | 7 | | | |
| 9 | | | | 6 | | | | |
| | 6 | | 7 | 9 | | 5 | | 3 |
| 5 | | | | 4 | | | | 1 |
| 3 | | 1 | | 8 | 2 | | 7 | |
| | | | | 5 | | | | 6 |
| | | | 4 | | 3 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | 2 | | 1 | 5 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.

■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.

■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .

■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -5980 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 | 6 | 1 | 3 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 1 | 7 | 4 | 2 | 9 |
| 4 | 1 | 2 | 6 | 9 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 1 | 9 | 8 | 3 | 7 | 4 | 2 | 6 | 5 |
| 7 | 3 | 4 | 2 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 |
| 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 7 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 |

**डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन**

कम्युनिकेशन यानि संवाद का हमारे समाज और देश के विकास के लिए उतना ही महत्त्व है जितना पेड़ पौधों के लिए खाद और पानी का7 संवाद के बिना हम व्यक्ति, समाज और देश के आगे बढ़ने की कल्पना भी नहीं कर सकते7 संवाद का एक ऐसा सशक्त माध्यम है रेडियो, जिसकी देश और दुनिया को एक दूसरे से जोड़ने में अहम् भूमिका रही है7 संवाद के दूसरे साधन जहाँ नहीं पहुँच पाते, वहां भी अपने शुरूआती समय से ही रेडियो दुनिया को सन्देश पहुंचाने का काम करता रहा है7 रेडियो के योगदान और इसकी भूमिका को याद करने के लिए एक दिन विश्व रेडियो दिवस के रूप में मनाया जाता है7 रेडियो दिवस प्रति वर्ष 13 फरवरी को मनाया जाता है7 रोजमर्रा की जिंदगी में संचार के इस शक्तिशाली माध्यम रेडियो के योगदान को याद करने के लिए विश्व रेडियो दिवस मनाते हैं।

### विश्व रेडियो दिवस का इतिहास

वर्ष 2010 में स्पैनिश रेडियो अकादमी की पहल के बाद विश्व रेडियो दिवस मनाने की चर्चा शुरू हुई7 सयुंक्त राष्ट्र ने सदस्य देशों को रेडियो को समर्पित इस दिन पर विचार करने को कहा7 इसके बाद यूनेस्को ने पेरिस में आयोजित 36वें सम्मेलन के दौरान 03 नवंबर 2011 को इस दिन को स्वीकार कर लिया और विश्व रेडियो दिवस मनाने के लिए 13 फरवरी का दिन तय किया गया7 13 फरवरी को ही वर्ष 1946 में सयुंक्त राष्ट्र का यूएनओ रेडियो स्टेशन स्थापित हुआ था 13 फरवरी 2012 को पुरे विश्व में उत्साह, उमंग और जोश के साथ पहला विश्व रेडियो दिवस मनाया गया

### रेडियो का अविष्कार

रेडियो तरंगों को पहली बार 1886 में जर्मन भौतिक विज्ञानी हेनरिक हर्ट्ज द्वारा पहचाना और अध्ययन किया गया था7 पहला व्यावहारिक रेडियो ट्रांसमीटर और रिसीवर 1895-1896 के आसपास इटली के गुग्लिल्मो मार्कोनी द्वारा विकसित किए गए थे, और रेडियो का उपयोग 1900 के आसपास व्यावसायिक रूप से किया जाने लगा7 उपयोगकर्ताओं के बीच हस्तक्षेप को रोकने के लिए, रेडियो तरंगों के उत्सर्जन को कानून द्वारा विनियमित किया जाता है, जिसे अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) नामक एक अंतरराष्ट्रीय बॉडी द्वारा कोआर्डिनेट किया जाता है, जो विभिन्न उपयोगों के लिए रेडियो स्पेक्ट्रम में फ्रीक्वेंसी बैंड आवंटित करता है7

### विश्व रेडियो दिवस 2022 थीम

हर साल को एक अलग ख़ास थीम पर विश्व रेडियो दिवस मनाया जाता है7 विश्व के सभी देशों के रेडियो प्रसार को और श्रोताओं को एक मंच पर लाने के मकसद से शुरू की गई यह पहल अपने उद्देश्यों में सफल होती दिख रही है

इस साल 2022 में विश्व रेडियो दिवस की थीम है रेडियो एंड ट्रस्ट विभिन्न अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों के अनुसार, रेडियो दुनिया में सबसे विश्वसनीय और उपयोग किए जाने वाले मीडिया में से एक बना हुआ है

### भारत में रेडियो का विस्तार

रेडियो प्रसारण की लोकप्रियता और विश्वसनीयता भारत के जन-जन में है7 भारत में रेडियो प्रसारण की शुरुआत मुंबई और कोलकाता में साल 1927 में दो निजी ट्रांसमीटरों के जरिये हुई7 1936 में इम्पीरियल रेडियो ऑफ़ इंडिया की शुरुआत हुई जो आजादी के बाद ऑल इंडिया रेडियो के नाम से मशहूर हुआ7 1957 में ऑल इंडिया रेडियो का नाम बदलकर आकाशवाणी कर दिया गया7 02 अक्टूबर 1957 को स्थापित हुए विविध भारती ने 1967 से व्यावसायिक रेडियो प्रसारण शुरू कर नए युग में प्रवेश किया7 आज भी रेडियो के कार्यक्रम देश को एकता के सूत्र में बाँधने का कार्य कर रहे हैं7 आजादी के समय भारत में केवल 06 रेडियो स्टेशन थे, जिनके कार्यक्रमों की पहुँच सिर्फ 11 प्रतिशत आबादी तक ही थी7 लेकिन आज आकाशवाणी की पहुँच देश के 92 प्रतिशत भौगौलिक क्षेत्र में फैले 99.2 प्रतिशत आबादी तक है7 इसके साथ कई प्राइवेट एफ.एम रेडियो स्थानीय भाषा में संवाद कर रहे हैं और स्थानीय सामग्री को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं 70 के दशक में टेलीविज़न के आने से लगा कि रेडियो की चमक धूमिल पड़ने लगेगी लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ7 रेडियो का श्रोता वर्ग उससे दूर नहीं हुआ बल्कि नए लोग इससे जुड़ते रहे7 आज के डिजिटल रेडियो के जमाने में श्रोता अपने मोबाइल पर रेडियो लेकर चलते हैं।

## भारत सही है लेकिन सक्रिय क्यों नहीं ?

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

यूक्रेन को लेकर रूस और अमेरिका के बीच जैसा मुठभेड़ का माहौल बना हुआ है, उसमें मुझे लग रहा था कि चौगुटे (क्वाड) की बैठक में भारत को भी रुस-विरोधी रवैया अपनाने के लिए मजबूर किया जाएगा। यह चौगुटा अमेरिका, भारत, जापान और आस्ट्रेलिया का मैत्रीपूर्ण गठबंधन है। मेलबर्न में हुई इसके विदेश मंत्रियों की बैठक में ऐसा कुछ नहीं हुआ। उस बैठक के बाद जो संयुक्त वक्तव्य जारी हुआ, उसमें यूक्रेन का कहीं नाम तक नहीं है। भारत के अलावा तीनों देश यूक्रेन के मामले में रूस-विरोधी रवैया अपनाए हुए हैं। उनके शासनाध्यक्ष और विदेश मंत्री लगभग रोज ही कोई मौका नहीं छोड़ते रूस पर आरोप लगाने का। शायद भारत के तटस्थ रूख के कारण क्वाड की बैठक इस मसले पर मौन रही है। जहां तक पाकिस्तान का प्रश्न है, तीनों राष्ट्रों के विदेश मंत्रियों ने भारत का स्पष्ट समर्थन पहली बार इतने जोरदार शब्दों में किया है। संयुक्त वक्तव्य में साफ-साफ कहा गया है कि हम सीमा-पार से आनेवाले हर आतंकवाद की भर्त्सना करते हैं। हम मुंबई और पठानकोट में हुए आतंकी हमलों की निंदा करते हैं। इस संयुक्त वक्तव्य में पाकिस्तान का नाम लिये बिना भारत की तरह शेष तीनों देशों ने उस पर जमकर शाब्दिक आक्रमण किया है। इसी अमेरिकी आक्रमण की तरफ इशारा करते हुए पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा है कि अमेरिका को शीतयुद्ध के दौरान जब पाकिस्तान की जरुरत थी, उसने उसे जमकर इस्तेमाल किया और अब उसे (निरोध की तरह) इस्तेमाल करके फेंक दिया। इन देशों ने अपने बयान में अफगानिस्तान के सवाल पर भी पाकिस्तान की खिंचाई की है। उन्होंने कहा है कि किसी अन्य देश की भूमि को आतंकवाद का अड्डा बनाने के लिए इस्तेमाल करना गलत है। भारत भी अफगानिस्तान को लेकर बराबर यही बात कहता आ रहा है। जहां तक चीन का सवाल है, इन चारों देशों ने चीन पर भी इशारों-इशारे में हमला बोला है। साफ-साफ आक्रमण नहीं किया है। पत्रकार परिषद में हर विदेश मंत्री ने चीन के खिलाफ दो-टूक रवैया अपनाया है लेकिन शायद भारत का लिहाज रखते हुए संयुक्त वक्तव्य में सिर्फ यही कहा गया है कि हिंद प्रशांत क्षेत्र को खुला और नियंत्रण-मुक्त रखा जाना चाहिए ताकि विभिन्न राष्ट्र अपने हितों की रक्षा कर सकें। लेकिन इस रवैए की भी चीनी सरकार के प्रवक्ता ने कड़ी भर्त्सना की है। उसने कहा है कि यह चौगुटा बनाया ही इसलिए गया है कि चीन का विरोध किया जाए। म्यांमार के मामले में भी हमारे विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि म्यांमार में हम लोकतंत्र और नागरिक आजादी का समर्थन करते हैं।

# बचपन के संस्कार जिंदगी भर काम आते हैं: आर्षमती माताजी



**अंबाह।** सराकोद्धारक आचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज की अंतिम शिष्या आर्षमती माताजी के सानिध्य में नगर के ब्राइट कैरियर एकेडमी में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने के लिए संवाद सूत्र कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण व दीप प्रज्वलन से हुआ। दीप प्रज्वलन के उपरांत वरिष्ठ समाजसेवी डॉ सुधीर आचार्य ने कहा कि माताजी के दर्शन कर बहुत अच्छा लगा। उनके सान्निध्य में बच्चों को संस्कारवान बनाने यह जो कार्यक्रम आयोजित किया गया है यह निश्चित तौर पर बच्चों के जीवन के लिए प्रेरणादायक सिद्ध होगा, यह बहुत अच्छा कार्यक्रम है। इससे छात्रों को जो दिशा बोध मिलेगा, वह छात्रों के जीवन में प्रकाश का कार्य करेगा। पूज्य आर्षमती माता जी ने कहा कि आज के छात्रों के कंधों पर ही देश का भविष्य टिका है। इसलिए आज के छात्रों को संस्कारित, कर्तव्यनिष्ठ, सत्यनिष्ठ, चारित्रनिष्ठ होना व अपने भविष्य के प्रति जागरूक होना जरूरी है। उसके साथ ही अंदर से आत्मविश्वास से लबरेज रहना जरूरी है। आप अगर अपनी मेमोरी बढ़ाना चाहते हैं, तो प्रथम आवश्यकता है एकाग्रता की, पॉजिटिव सोच की, कुछ कर गुजरने के भावना की। माताजी ने कहा कि जिसकी नैतिक शिक्षा अच्छी होती है, वह सभी क्षेत्रों में सफल होता है। आप सभी का उद्देश्य मात्र खान पीना, सोना नहीं होना चाहिए। आपका उद्देश्य अपने व्यक्तित्व को निखारना होना चाहिए। माता जी ने बीच-बीच में छात्र-छात्राओं से अनेक प्रश्न पूछे, उनका छात्र-छात्राओं ने अपनी बुद्धि-क्षमता के अनुसार जवाब दिया। माताजी ने बच्चों के माता-पिता को प्रेरित किया कि आप स्वयं तो मंदिर चले जाते हैं पर बच्चों को साथ नहीं ले जाते हैं, आप अपने बच्चों को जब पहली बार स्कूल भेजते हैं तो वह खुश होकर जाते हैं या रोते हैं? आप कहेंगे वह रोते हैं। बहुत कम बच्चे ऐसे होते हैं जो खुश होकर जाते हैं। ठीक इसी प्रकार आप जब बच्चों को मंदिर, गुरुओं के पास भेजोगे तो यह जरूरी नहीं है कि वह खुश होकर ही जाएंगे, कई बच्चे जोर-जबरदस्ती से जाते हैं और कई प्यार से जाते हैं। पर यह हम सब माता-पिता की जिम्मेदारी है कि हम अपने बच्चों को मंदिर और साधू-संतों के पास अवश्य भेजें, जिससे आपके बच्चों के अंदर धार्मिक भावनाओं का संचार हो सके क्योंकि बचपन के संस्कार जीवन भर काम आते हैं।

### बच्चों एवं स्कूल स्टॉफ को किया धार्मिक साहित्य भेंट

कार्यक्रम में आर्षमति माताजी ने स्कूल के स्टॉफ एवं बच्चों को धार्मिक साहित्य भेंट किया, इसके साथ ही डॉ सुधीर आचार्य एवं डॉ प्रगति शर्मा ने सभी आर्यिका संघ का सम्मान किया। इस अवसर पर पूज्य माताजी ने कहा कि आज के परिवेश में मानव को मानवीयता की डिग्री की जरूरत है। शिक्षा भक्ति व मैत्री का माध्यम होनी चाहिए। शिक्षा का उद्देश्य वित्त नहीं, व्रत और चरित्र निर्माण होना चाहिए। माताजी ने कहा कि एक छात्र को संस्कारवान बनाना कई विद्यालयों के निर्माण से श्रेष्ठ है। बच्चों में संस्कार उनके गर्भ में ही उत्पन्न हो जाते हैं। माता-पिता बच्चों के सर्वश्रेष्ठ मित्र होते हैं। फेसबुक व सोशल मीडिया के मित्र वास्तविक मित्र नहीं होते हैं। माता जी ने छात्र-छात्राओं से व्यसन मुक्त जीवन की कामना की।



## एसपी ने स्कूल बसों को किया चेक, ट्रैफिक प्रभारी को दिए निर्देश

**मुरैना।** पुलिस अधीक्षक द्वारा शहर में अमन शांति बनाए रखने के अलावा व्यवस्थाओं को भी देखा जा रहा है और इसी क्रम में शनिवार को उन्होंने स्कूल बसों को स्वयं चेक किया तथा चालकों को ओवरलोड बच्चे ना बैठाने एवं शासन द्वारा दी गई गाइडलाइन का पालन करने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने ट्रैफिक प्रभारी को भी प्रतिदिन स्कूल वाहनों को चेक करने के निर्देश दिए हैं, जिससे भविष्य में होने वाली अनहोनी को टाला जा सके। पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने जब से मुरैना का प्रभार संभाला है, तभी से वह जिले भर में घूम रहे हैं और जिला मुख्यालय पर तो वह प्रतिदिन साइकिल से या अपने वाहन से शहर में निकल कर पुलिस की मौजूदगी को दिखा रहे हैं। श्री बागरी ने शुक्रवार की शाम एमएस रोड कोतवाली पर चेकिंग होने के दौरान एक स्कॉर्पियो वाहन को रोककर उसमें बैठे लोगों को चेक किया, जिनमें तीन पर बंदूकें थी और इन तीनों में 2 पर लाइसेंस थे, जबकि तीसरा व्यक्ति किसी दूसरे की बंदूक लेकर जा रहा था और लाइसेंस उसके नाम नहीं था। पुलिस अधीक्षक ने उसे तुरंत गिरफ्तार करने के निर्देश देकर आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज करा दिया, साथ ही कलेक्टर को आर्म्स लाइसेंस निरस्त करने के लिए भी प्रस्ताव बना डाला। पुलिस अधीक्षक की इस कार्रवाई से अब दूसरों की बंदूक ले जाने वाले एवं ग्लैमर दिखाने वाले लोगों की शामत आ गई है। उधर शनिवार की सुबह पुलिस अधीक्षक ने शहर के एमएस रोड पर निकल रहे स्कूली वाहनों को स्वयं चेक किया और उनमें क्षमता को देखा तथा यह भी देखा कि कितने बच्चे हैं। उन्होंने बस चालकों को निर्देश दिए कि वह क्षमता से अधिक बच्चों को ना बैठाएं एवं शासन की गाइडलाइन का पालन करें अन्यथा कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने ट्रैफिक प्रभारी को भी निर्देश दिए हैं कि वह प्रतिदिन स्कूली वाहनों को चेक करें, जिससे बच्चे सुरक्षित रहें।

# टेंडर व अनुबंधो को खारिज करने वाला आदेश लिया जाए वापस, अन्यथा न्यायालय की लेंगे शरण




**मुरैना।** विद्युत विभाग में सक्षम अधिकारियों द्वारा वाहन नीति अनुसार किए गए टेंडर व अनुबंधो को खारिज करने वाले प्रबंध संचालक कार्यालय के आदेश को वाहन मालिक एसोसिएशन ने वापस लेने की मांग करते हुए न्यायालय में जाने की बात कही है। शनिवार को वाहन मालिक एसोसिएशन ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि यह मनमानी है और इससे हजारों लोगों का रोजगार छिन जाएगा। वाहन मालिक एसोसिएशन के राकेश परमार एवं अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के ही सक्षम अधिकारियों द्वारा कंपनी वाहन नीति आदेश क्रमांक 1961-28 मार्च 2018 अनुसार संपूर्ण कंपनी में टेंडर कर वाहन रखे गए एवं अनुबंध किए गए हैं और उसमें वाहन रखने व हटाने का समय व दिनांक नियत है। इस प्रकार संपूर्ण कंपनी में हजारों की संख्या में वाहन लगे हुए हैं, जो कि कंपनी की ही नियत की हुई दर पर या उससे नीची दर पर लगे हुए हैं। कंपनी की वाहन नीति अनुसार नए वाहन ही लगाए गए हैं। कार्यालय प्रबंध संचालक द्वारा 21 जनवरी 2022 को जारी आदेश के अनुसार कंपनी के ही सक्षम अधिकारियों द्वारा वाहन नीति अनुसार किए गए आदेश, टेंडर एवं अनुबंध जो कि हजारों की संख्या में हैं, उन्हें खारिज किया गया है, जो कि नियम विरुद्ध होकर हजारों लोगों के रोजगार को छीन कर किसी एक व्यक्ति को फायदा पहुंचाने वाला है। उन्होंने कहा कि कंपनी के लिए भी यह हितकर नहीं है। कंपनी में लगे हुए सभी वाहन नियत दर से भी कम दर पर लगे हुए हैं। वाहन मालिक एसोसिएशन ने प्रबंध संचालक एवं मुख्य महाप्रबंधक से अपील की है कि प्रबंध संचालक के आदेश को अविलंब वापस किया जाए अन्यथा हमें न्यायालय की शरण में जाने को मजबूर होना पड़ेगा।

## महिलाओं को अधिकार, सुरक्षा और सशक्तिकरण देने में भाजपा सबसे आगे: रीना डण्डौतिया



**अम्बाह।** जिले में भारतीय जनता पार्टी के महिला संगठन को सशक्त बनाने और बूथ विस्तार कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रीना डंडोतिया, वार्ड क्रमांक 14 में समाजसेवी सुधीर आचार्य के निवास पर पहुंची, जहां उन्होंने उपस्थित बहनों से संवाद किया। इस अवसर पर उनके साथ डॉ क्षमा कौशिक, ऊषा, श्रीमती रामायण गुर्जर, श्रीमती किशोरी गुप्ता भी उपस्थित रहीं। उपस्थित बहनों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रीना डंडोतिया ने कहा कि विश्व में एकमात्र भारतीय जनता पार्टी ही ऐसी राजनैतिक पार्टी है जो महिलाओं को उनके अधिकार, उनकी सुरक्षा और उनके सशक्तिकरण के लिए सबसे अधिक गंभीर है और आगे बढ़कर सहयोग करती है। मातृशक्ति के मान-सम्मान और गौरव का ध्यान रखती है। भाजपा भारतीय संस्कृति, संस्कार और सभ्यता को बढ़ावा देने वाली और इन वैदिक एवं भारतीय मूल्यों का संस्कार संरक्षण और संवर्धन मातृशक्ति करती है। कार्यक्रम संयोजन एवं संचालन डॉ सुधीर आचार्य ने किया व आभार डॉ प्रगति शर्मा ने व्यक्त किया।



## एग्जाम में सफल होने के लिए करें आहार-विहार और सब्जेक्ट से प्यार: डॉ सुधीर आचार्य

### - आचार्य आनंद क्लब ने शुरू किया बोर्ड एग्जाम फोबिया मुक्त अभियान



**अम्बाह।** हाईस्कूल और इंटर की बोर्ड परीक्षाएं नजदीक आते ही विद्यार्थियों में एग्जाम को लेकर तरह-तरह का तनाव होना प्रारंभ हो गया है। यूं तो प्रत्येक विद्यार्थी की अपनी अपनी क्षमता होती है उसी के अनुसार उनमें टेंशन भी अलग-अलग प्रकार के होते हैं। लेकिन अगर विद्यार्थी कुछ सावधानियां रखें तो वह न सिर्फ टेंशन से बच सकता है। एग्जाम में अच्छे अंक भी प्राप्त कर सकता है। उक्त वक्तव्य मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान के मास्टर ट्रेनर एवं तनाव मुक्त जीवन कला के प्रशिक्षक व मोटीवेटर डॉ सुधीर आचार्य ने आचार्य आनंद क्लब द्वारा मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान की पहल पर हाईस्कूल और इंटर के विद्यार्थियों को एग्जाम फोबिया से मुक्त रहने की कला सिखाते हुए ब्राइट कैरियर एकेडमी में दिए।

डॉ सुधीर आचार्य ने कहा कि बोर्ड एग्जाम में सफल होने के लिए प्रत्येक विद्यार्थी अपने आहार-विहार का ध्यान रखें तथा सब्जेक्ट से प्यार करें। उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम विद्यार्थी को बचे हुए समय में से अपना टाइम मैनेजमेंट कर लेना चाहिए उसे प्रतिदिन 7 से 8 घंटे विषय वार किस तरह पढ़ाई करनी है, इसकी समय सारणी बनाएं। मुख्य विषय के पेपर होने की तिथि से ठीक दो-तीन दिन पहले केवल उसी विषय पर पूरा ध्यान केंद्रित करें और विषय के लघु उत्तरीय, दीर्घ उत्तरीय, जोड़िया, रिक्त स्थान, सत्य-असत्य इत्यादि सभी प्रश्न उत्तरों को पढ़ें। पेपर में दिए गए सभी प्रश्न निश्चित समय सीमा में हल कर सके अर्थात लिख सके।

## स्टार पत्रकार महासंघ पत्रकारों की समस्याओं को लेकर प्रशासन को देगा ज्ञापन



**मुरैना।** गत दिवस ग्वालियर मोती महल स्थित हनुमान मंदिर परिसर मे स्टार पत्रकार महासंघ की बैठक आयोजित की गई। जिसमें संगठन के प्रमुख सत्यदेव उपाध्याय सहित राष्ट्रीय, राज्य तथा संभागीय स्तर के पदाधिकारियों ने शिरकत की। बैठक के दौरान सभी ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये।

संगठन प्रमुख श्री उपाध्याय ने कहा कि हमारा संगठन सभी पत्रकारों के हित के लिए हमेशा संघर्षरत रहेगा, यही नही उसकी पारिवारिक समस्याएं को भी अपने संज्ञान में रखेंगे। बीमारी इलाज और उनकी बहन बेटी के विवाह में संगठन आर्थिक योगदान देने के लिए हमेशा तत्पर रहेगा। इस दौरान राष्ट्रीय विधि सलाहकार श्रीमती गायत्री सुर्वे हाई कोर्ट ग्वालियर एडवोकेट ने अपने विचार रखते हुए कहा कि आज पत्रकारिता के दौर में संगठन बनाने की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। क्योंकि आये दिन पत्रकारों को प्रताडित करने के मामले सामने आ रहे हैं, जिसमें शासन और प्रशासन से लेकर राजनीतिक लोगों द्वारा पत्रकारों पर झूठे मुकदमे दर्ज करने से लेकर धमकियां मिलना आम बात हो गई है। बतौर वकील मेरी भूमिका संगठन के हित के लिए हमेशा संघर्षरत रहेगी। इस दौरान सभी सदस्यों ने एक राय होते हुए निर्णय लिया कि जल्द ही छोटे-मझोले साप्ताहिक-मासिक समाचार पत्र जिसे जनसंपर्क विभाग ग्वालियर अपनी सूची में दर्ज नहीं करता है को लेकर कमिश्नर को ज्ञापन देगा। बैठक में स्टार महासंघ के प्रमुख सत्यदेव उपाध्याय ने पत्रकार आर एच जाफरी को ग्वालियर जिला अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौपीं तथा बैठक में शामिल सभी पत्रकार बंधुओं को संगठन की सदस्यता ग्रहण कराई। इस दौरान विवेक तिवारी, राज रहबर पॉपुलर, राजेश तिवारी, अनंत श्रीवास्तव, विजय खंडेलवाल, प्रदीप कुमार ठाकुर, अजय सिरसट, अमित, मुकेश जैन, सुनील कुमार जैन, मोहसिन खान, अमित सेंगर, सचिन अग्रवाल, अनिल यादव आदि पत्रकारगण मौजूद रहे।

# भाजपा मौं मंडल ने मनाई पं.दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि

**महेन्द्र शर्मा रिपोर्टर ग्वालियर संभाग पुष्पांजली टुडे**

**मौं।** आज भारतीय जनता पार्टी मौं मंडल द्वारा आज दिनांक 11/2/2022 दिन शुक्रवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक भारतीय जनता पार्टी के मार्गदर्शक पं.दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि भाजपा मौं मंडल ने समर्पण दिवस के रूप में बार्ड क्रमांक 11 मिल्क पट्टी डां बेताल गोड के निज निबास पर आयोजित की गई जिसमें सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने पं.दीनदयाल जी के समचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए बैठक की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह ने की जिसके पस्चात मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित प्रदेश कार्य सिमित सदस्य रघुबीर सिंह पवैया ने दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा की पं.दीनदयाल जी ने आपना पूरा जीवन राष्ट्र के हित में और अंतिम पंथी के दीनदुखियों की चिंता करते गुजार दिया जिस प्रेरणा के तहत आज देश की भारतीय

जनता पार्टी की नरेंद्र मोदी जी एवं मध्यप्रदेश की शिवराज सिंह जी की सरकार दीनदुखियों के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभ दे रही हैं जिससे आज पं.दीनदयाल उपाध्याय जी का सपना पूरा होते दिख रहा है बैठक में समर्पण निधि का भी समर्पण कार्यकर्ताओं ने देने का संकल्प लिया और समर्पण भी किया जिससे भारतीय जनता पार्टी का संचालन होता रहें बैठक मे फरेन्द सिंह सिकरवार गोपाल सिंह कुशबाह सज्जन सिंह यादव मर्जाद सिंह यादव सुल्तान मोर्य राजू मिश्रा मंण्डल महामंत्री मेहबूब खां रामखत्यार गुर्जर बबली यादव रामू कुशबाह चंदू गोयल आकाश गोयल रघुराज गुर्जर सोनू शर्मा नरेन्द तोमर राजेश कुशबाह गुप्ता जाटव रामनरेश कुशबाह बेनीराम कुशबाह रामकेश गुर्जर हासिम राईन सोनू खां काले खां शुभम राठौर सहित बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वही ग्राम केन्द्र देहगांव बूथ क्रमांक 230, 231,पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि मनाते हुए पूर्व मंडल अध्यक्ष हरनारायण कुशवाह, एवं मंडल महामंत्री राजू मिश्रा लल्लू राम कुशवाह, रामबीर कुशवाह, युवा नेता गिर्राज यादव, युवा नेता रवि यादव , धीरज कुशवाहा, राकेश कुशवाह, जीतू यादव ,आकाश खान, जीशान खान आदि उपस्थित रहे।







## इंद्रियों पर विजय प्राप्त करने वाला ही पूजने योग्य - नंदिनी भार्गव

**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** खबर शिवपुरी केग्राम धंधेरा,रन्नौद मैं श्री हनुमान जी मंदिर पर चल रही श्री मद भागवत कथा के पांचवे दिन की कथा में पंडित श्री वासुदेव नंदिनी भार्गव ने भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का श्रवण कराया साथ ही चीर हरण की लीला को श्रवण कराते हुए कहा कि बहुत से लोगों को आपत्ति होती है कि भगवान ने ऐसा क्यू किया जबकि वास्तविक बात तो ये है चीर का अर्थ होता है आवरण ,से आवरण से पर्दा और जब तक पर्दा डला हो भगवान नहीं दिखते इसीलिए भगवान ने गोपियों के वस्त्र चुराए। ठाकुर जी उन्ही के आवरण का हरण करते हैं जिसपर कृपा करनी हो और तभी भगवान ने कृपा स्वरूप गोपियों के साथ रास रचाया। साथ ही श्री गोवर्धन लीला का व्याख्यान किया, सभी ने गोवर्धन महाराज की पूजा की। गोवर्धन का अर्थ है इंद्रियों को एकाग्र करना और गोवर्धन की पूजा से संकेत मिलता है जो अपनी इंद्रियों पर विजय पा लेता है बह पूजन के योग्य हो जाता है।

## संगठित समाज ही हर समस्या का समाधान- संजीव नायक



**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह-** दबोह क्षेत्र के पीपरी गाँव में युवाओ द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।चौपाल में गांव की छोटी छोटी समस्याओं एवं शराबबन्दी को लेकर उपस्थित सभी युवाओं ने चर्चा की। युवा चौपाल में बोलते हुए सामाजिक कार्यकर्ता संजीव नायक एडवोकेट ने कहा कि सामाजिक समरसता ही हमारे गाँव व् क्षेत्र का विकास करा सकती है।आज कल जो महापुरुषों के नाम पर जाति के नाम पर जो माहौल को ख़राब किया जा रहा है वह देश विरोधियो का एक षड्यंत्र है इससे हमें बचना होगा एक रहना होगा हम सब एक है।संजीव नायक एडवोकेट ने शराब के विषय में बोलते हुए कहा कि घरेलू हिंसा का मूल कारण शराब ही है शराब के विरुद्ध युद्ध मे आप सब की जरूरत है उन्होंने कहा कि शराब मुक्त गांव से ही शराबमुक्त समाज का निर्माण हो सकता है,नशे के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा उन्होंने कहा कि सर्व समाज के सहयोग से ही नशा मुक्त समाज का निर्माण होगा।हम सभी को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की जरूरत है कार्यक्रम में बोलते हुए सामाजिक कार्यकर्ता राजवीर वघेल ने कहा कि गांव की छोटी छोटी समस्याओं का निदान चौपाल लगा कर किया जा सकता है।जातिगत द्वेष मिटाकर अपराध मुक्त शराब मुक्त गांव का निर्माण किया जाना चाहिए।उन्होंने नशे से दूर रहने का सभी से आह्वान किया उन्होंने कहा कि नशा नाश करता है,नशे से दूर रहने के लिए संकल्प पर अडिग रहने की जरूरत है।चौपाल में बोलते हुए दिलीप नायक ने ग्रामवासियों को एकजुट रहकर ग्राम विकास के लिए कार्य करने की बात कही।कार्यक्रम में तीस सदस्य ग्राम सुधार समिति का निर्माण किया गया।चौपाल में उपस्थित लोगो में विकास राठौर,मोनू खेमरिया,आलोक सविता,विवेक मुदगिल,रामकिशन पाल,हरगोविंद सविता,किशोरी पाल,सुगर सिंह पाल,लखन रजक,रविन्द्र पाल,राजवीर पालरुस्तम पाल,बबलू पाल,भूरे विश्वकर्मा,भूपेंद्र पाल,सैलेंद्र पाल,रामलखन मुदगिल,रामसरण प्रजापति,सोनू पाल,राकेश परिहार,सत्यम खेमरिया,बारकभान पाल,मानसिंह पाल,नरेश विस्वकर्मा,कमल पाल,अनीश पाल,सोनू सेन,विकाश रजक,साहब सिंहज़कुअर सिंह,सुदामा प्रजापति,समसाप प्रजापति,छकीलाल प्रजापति,भल्लू प्रजापति,अखिलेश पाल,भगवानदास वंशकार,कैलाश सविता,नवाब दोहरे,विश्राम पाल,सुरतान पाल,किशोरी पाल,हरनाम राठौर,बृजेश परिहार,मौसम पाल,सचिन विश्वकर्मा,कल्याण पाल,कमलेश पाल,हरिशंकर पाल,योगेंद्र पाल,ज्ञानसिंह पाल,दिलीप सेन,अमरीश मुदगिल,सुरवीर पाल,अंकित पाल,ग्याशी प्रजापति आदि उपास्थित थे।

# भगवान श्री कृष्ण ने किया था परीक्षित का नामकरण: कान्हाजी



**केशब पंडित जी अम्बाह...??**

**मुरैना...** उत्तम पैलेस तुलसी कॉलोनी मुरैना में इन दिनों रामबरण शर्मा म.प्र.पु. व पत्नी लक्ष्मी देवी मिरघान बालो के द्वारा श्रीमद भागवत महापुराण की कथा आयोजन किया जा रहा हैं परीक्षत राम बरन के द्वारा पुराण की पूजा याचना कर आरती की गई जिसमे श्रोता गण भाव बिभोर होगये कथा का वाचन चंबल धरा के गौरव श्री मद वल्लभाचार्य षष्ठम पीठ मथुरा के कृपापात्र शिष्य पं कान्हाजी महाराज सुसानी वाले कर रहे है कथा के दूसरे दिवस उत्तरा के गर्भ की रक्षा और कुंती द्वारा भगवान की स्तुति राजा परीक्षित के चरित्र को विस्तार पूर्वक सुनाया गया कथावाचक ने कहा की जब उत्तरा के बालक का जन्म हुआ तब स्वयं भगवान श्रीकृष्ण ने आकर बालक का नामकरण संस्कार किया भगवान ने कहा की जब यह पांडवो का वंश परीक्षीण हो रहा था तब इस बालक का जन्म हुआ है इसीलिए इसका नाम परीक्षित होगा जब भगवान श्री कृष्ण की बुआ कुंती को ज्ञात हुआ है की अभिमन्यु की धर्मपत्नी उत्तरा के गर्भ की रखा वासुदेव श्री कृष्ण ने की है तब कुंती भगवान को पहचान गयी एवं प्रभु की स्तुति करने के बाद तीन वरदान मांगे कुंती बुआ ने पहले वरदान मे कहा की गोविन्द मेरी बुद्धि मे जो मोह पांडव ओर यदुवंशीयो मे जुड़ा हुआ है वह हमेशा के लिए खत्म हो जाये कुंती जी ने दूसरे वरदान मे कहा की हे नाथ जैसे गंगा आदि नदियों की धारा अंत मे समुद्र मे मिल जाति है ठीक उसी तरह मेरी बुद्धि आपके चरणों मे समर्पित हो जाये तीसरे वरदान के रूप मे कुंती ने भगवान श्री कृष्ण से कहा हे गोविन्द मुझे विपत्ति दुख़ प्राप्त होता रहे क्योकि जब जब शंकट आता है तब याद तुम्हारी आती है ओर सुख आने पर तो हम तुम्हे भूलने लगते है %सुख के माथे सिल पड़े नाम हरी को जाय , बलिहारी वा दुख़ की सो पल पल नाम रटाय% कथा वाचक ने इस पावन चरित्र को सविस्तार सुनाया कथा श्रोता आनंद मे मग्न होकर कथा का रसपान करादे इस कथा के परीक्षित रामबरन शर्मा है यह आयोजन 13 फ़रवरी तक चलेगा

# दतिया शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दतिया की महत्वकांक्षी परियोजना 650 बिस्तरी अस्पताल के संबंध में , कॉलेज कॉउन्सिल मीटिंग का आयोजन सम्पन्न



## संभागीय एवं जिला स्तरीय परियोजना यूनिट ने भी लिया भाग

**संदीप प्रधान उप संपादक दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

**दतिया -** मेडिकल कॉलेज दतिया की महत्वकांक्षी परियोजना , जिसमें एक नवीन अस्पताल 650 बिस्तरों का बनाया जाना है, जिसकी लगभग लागत करीब 260 करोड़ है, जिसके बनने के बाद दतिया मेडिकल कॉलेज में प्रतिवर्ष , 150 एमबीबीएस मेडिकल स्टूडेंट्स की भर्ती की जा सकेगी के संबंध में कॉलेज कॉउन्सिल कमेटी की मीटिंग सम्पन्न हुई, जिसमें डीन डॉ दिनेश उदेनिया ने अध्यक्षता की, और प्रेजेंटेशन डॉ पहराम अधिकारी सह प्राध्यापक कम्युनिटी मेडिसिन ने दिया, इस दौरान नवीन ओपीडी ब्लॉक, आईपीडी ब्लॉक और 80 आवासों की व्यवस्था के बारे में चर्चा की गई, और जो भी सुझाव और सुधार दिए गए उसके अनुसार परिवर्तन की सलाह भी दी गयी । इस दौरान सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, अस्पताल अधीक्षक डॉ अर्जुन सिंह , सह अधीक्षक डॉ हेमंत कुमार जैन ,नर्सिंग अधीक्षक एवं समस्त नोडल एवं प्रभारी अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान संभागीय एवं जिला स्तरीय परियोजना यूनिट के अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। ग्वालियर से सीनियर आर्किटेक्ट अतुल पाठक ने भी मीटिंग अटेंड की।

# विधुत कनेक्शन बकायादार उपभोक्ताओं पर बिजली विभाग की कार्यवाही, बरखेड़ा व देवरीखुर्द गांव में उतारी डीपी, मचा हड़कंप

**पोहरी** पोहरी नगर में बिजली कंपनी द्वारा क्षेत्र में बकाया राशि वालों के खिलाफ चलाए जा रहे बिल वसूली अभियान के तहत शुक्रवार को ग्राम देवरीखुर्द व बरखेड़ा 2 लाख 84 हजार की बकाया राशि जमा नहीं होने पर दोनों ट्रांसफार्मर उतारने की कार्रवाई के साथ ही 6 बकायादार के कनेक्शन की लाइन भी उतार कर भी काटे गए है विद्युत विभाग के एई बीसी अग्रवाल के निर्देश पर

जेई राहुल आर्य द्वारा चलाए अभियान में ग्राम बरखेड़ा में शंकर रघुनी कुशवाहा कनेक्शन क्रमांक ह2113003305 पर 1 लाख 16 हजार 973 रुपये एवं देवरीखुर्द में नेपाल सिंह कैलाश नारायण कनेक्शन क्रमांक ह2113014037 पर 1 लाख 68 हजार 63 रुपये बिजली बिल बकाया था जहाँ पर राशि जमा ना करने के चलते विधुत विभाग ने डीपी उतारने की कार्यवाही की है

वही ग्राम जटवारा , बछोरा व पोहरी में भी बकाया राशि होने के चलते वहाँ पर भी विधुत लाइन उतराने की कार्यवाही की गई है जहाँ पर जटवारा में डोवलिया फोसु कुशवाहा पर 1 लाख 42 हजार 507 रुपये एवम बछोरा में सुशीला रघुवीर धाकड़ पर 48353 व फूलवती रमेश पर 25 हजार



417 रुपये की बकाया राशि निकली है जहाँ जटवारा , बछोरा व पोहरी में कुल 36 कनेक्शन आज बकाया राशि के चलते काटे वही सभी कनेक्शनधारकों पर कुल मिलाकर 5 लाख से अधिक की राशि बकाया चल रही है जिसके चलते आज विधुत विभाग मय सिक्योरिटी गार्डो के साथ यह कार्यवाही की गई इस समस्त कार्यवाही में विधुत विभाग के रूप सिंह भदौरिया लाइनमैन, चरनुराम जाटव, राजू कुशवाह, मोहन प्रजापति, रामेश्वर जाटव, नंदकिशोर, खेमराज वर्मा, अशोक श्रीधर इत्यादि कर्मचारी मौजूद रहे

### इनका कहना

इन सभी उपभोक्ताओं पर बकाया राशि काफी समय से थी जो विभाग से रिमाइंडर भेजने के बाद भी इनके द्वारा जमा नही कराई जा रही थी वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में डीपी व कनेक्शन काटने की कार्यवाही की गई है जो आगे भी जारी रहेगी वही बकाया राशि वाले उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि जल्द से जल्द लंबित राशि जमा कराए

**राहुल आर्य**
**जेई विधुत विभाग पोहरी**

# कल्दा पठार में तीन दिवसीय मशरूम प्रसंस्करण प्रशिक्षण संपन्न



**पन्ना जिला ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा**

आजीविका मिशन पन्ना के जिला परियोजना प्रबंधक श्री डी.के. पाण्डेय द्वारा बताया गया, कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत पन्ना के मार्गदर्शन में कल्दा पठार के ग्राम मगरदा में मशरूम उत्पापदक 44 महिला सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण 09 फरवरी से 11 फरवरी 2022 तक मशरूम प्रसंस्करण प्रशिक्षण का समापन किया गया। उक्त प्रशिक्षण में ग्राम मगरदा, गोबरदा, खबरी, मुहली, महुआडोल एवं कुटमीखुर्द की समूह सदस्यों द्वारा भाग लिया गया। प्रशिक्षक के रूप में कुलदीप तोमर जिला मुरैना के द्वारा मशरूम का आचार, पापड एवं नमकीन आदि बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। आजीविका संबर्धन के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयास से महिलाओं द्वारा खुशी जाहिर की गयी। क्योंकि इससे उनके द्वारा किये जा रहे मशरूम उत्पायद को उचित मूल्य मिल सकेगा। प्रशिक्षण के तृतीय दिवस पन्ना आजीविका मिशन के ग्राम बिल्हा, गोविन्दपुर एवं विक्रमपुर के समूह सदस्यों के द्वारा प्रशिक्षण में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में श्री अरूण सिंह (पत्रकार) एवं समर्थन संस्था से श्री ज्ञानेन्द्र तिवारी (समस्त टीम), आजीविका मिशन से श्री ओम प्रकाश त्रिवेदी (जिला प्रबंधक एम एण्ड ई), श्री सुशील शर्मा (जिला प्रबंधक-कृषि), श्री प्रताप सिंह बागरी (क्लस्टर प्रभारी), श्री विजयभानु पाठक (क्लस्टर प्रभारी) उपस्थित रहे।



## मां गायत्री गौ रक्षा संगठन ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

### मृत गायों के दफनाए जाएं शव,मौत के कारणों की हो जांच-संतोष चौहान

### नगर पंचायत कार्यालय के पीछे डले हैं मृत गायों के शव प्रशासन के अधिकारी कर रहे अनदेखी

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**



**लहार-**अनुभाग के रौन नगर के पास हाईवे किनारे पिछले कुछ दिनों से खेतों में संदिग्ध परिस्थिति में गायों की मौत होने का सिलसिला चल रहा है अब तक लगभग 5 गायों की मौत हो चुकी है।खेतों में लगे सरसों की पुरानी तोइ के बड़े-बड़े ढेरों को खाकर गायों की मौत होने की संभावना नजर आ रही है जानकारी मिलने पर गौ रक्षा संगठन संस्थापक संतोष चौहान मौके पर पहुंचे तो देखा वहां मृत गायों के शवों को सार्वजनिक रूप से शिकारी कुत्ते शिकार बना रहे थे।संतोष चौहान ने कहा सनातन धर्म में देव स्वरूप माने जाने वाली गौ माता के मृत शवो को शिकारी कुत्तों द्वारा सार्वजनिक रूप से शिकार बनाए जाने का ह्रदय विदारक दृश्य धर्म की आस्था को चोट पहुंचाने जैसा है।गौ माता के सम्मान एवं धार्मिक आस्था को बचाने के लिए मृत गायों के शवों को जमीन में दफनाने एवं गायों की मौत के कारणों की जांच कर रोकथाम करने के प्रयास प्रशासन को करना चाहिए।उक्त विषय के संबंध में मां गायत्री गौरक्षा संगठन द्वारा तहसीलदार महोदय के कार्यालय में ज्ञापन सौंपा गया।राजबल सिंह राजावत, रामू त्यागी, पिंटू त्यागी पहलाद सोनी बजरंग राजावत आदि गौ रक्षक मौजूद रहे।

## बजरंग दल के कार्यकर्ताओ और नगर परिषद पलेरा के द्वारा बड़ी माता मंदिर के पास से मास मछली का बाजार लगना बंद हुआ



**जिला ब्यूरो चीफ टीकमगढ़ अजय खंगार की रिपोर्ट**

**पलेरा।** बजरंग दल की पहल लाई रंग आज बजरंग दल पलेरा प्रखंड के कार्यकर्ताओं द्वारा एवं नगर परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा शनिवार को बड़ी माता मंदिर मंदिर पर मांस मछ्ली की दुकानें बंद करवा दी गई बजरंग दल द्वारा दो बार आवेदन दिया गया था जिसको संज्ञान में लेते हुए आज नगर पालिका के अधिकारी एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता बड़ी माता मंदिर पर पुहंचे और दुकाने बंद करवाई गई बजरंग दल के प्रखंड संयोजक राजेन्द्र राय बजरंग दल प्रखंड गौरक्षा प्रमुख रोहित राय आलमपुरा ग्राम संयोजक दीपक कुशवाहा नगर पालिका के अधिकारी उपस्थित रहे

## अमर शहीद महिला लेदर बॉल क्रिकट टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ



**जिला ब्यूरो चीफ टीकमगढ़ अजय खंगार की रिपोर्ट**

**टीकमगढ़।** अमर शहीद महिला लेदर बॉल क्रिकट टूर्नामेंट के उदघाटन टूर्नामेंट के संयोजक विनय प्रताप सिंह ने बताया की टीकमगढ के मध्य खेला गया। दिल्ली ने 20 ओवर में टॉस जीतकर फील्डिंग करने का निर्णय लिया गया, और टीकमगढ टीम ने 20 ओवर मैं 158 रन 2 विकिट पर टीकमगढ़ से तनिष्का ने 73 रन और 1 विकिट लिया दिल्ली टीम ने 18 ओवर मैं 159 रन का लक्ष्य 18 ओवर मैं बनाए और दिल्ली टीम 1 विकिट से जीता आज के मैच की मैन ऑफ दा मैच दिल्ली टीम की बबिता ने 36 रन बनाए। इस टीम के अम्पायर सचिन तिवारी कैलाश पटेल एस्कोरर ब्रजेश याद और कॉमेंट्री में प्रशांत सिंह गौर। वही शनिवार के मैच के मुख्य अतिथि अमित नूना विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र तिवारी विवेक चतुर्वेदी गोपाल सिंह राय रविन्द्र श्रीवास्तब के के अग्रवाल किशान पटैरिया टूर्नामेंट की के के अग्रवाल अध्यक्षता अनुराग वर्मा जी ने की गणमान्य नागरिक संजय सिरधर अंशुल ब्यास रोहित सिंघई निखिल श्रीवास्तब कमलेश सिंह घोष आनंद जक्कल प्रेम नारायण सादक शरीफ खान नीलेश उटमालिया राजेन्द्र सेन दीपक चौधरी गुंजा रावत सोनू आदि खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# अंबाह पीजी कॉलेज महाविद्यालय में प्लेस मेंट ड्राइव का आरंभ...

**केशब पंडित जी अम्बाह...??**

**अंबाह...** स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग द्वारा वैश्लेशिक रसायन में प्रमाण-पत्र कोर्स आरम्भ किया जा रहा है जिसमें महाविद्यालय में अध्ययनरत विज्ञान संकाय की समस्त कक्षाओं के चयनित विद्यार्थियों ने अपना पंजीयन कराया है। 40 घंटे की समयावधि में पूर्ण होने वाला यह कोर्स देश-विदेश की फार्मास्यूटिकल कंपनियों में केमिस्ट की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है जिसमें पाठ्यक्रम के अतिरिक्त, प्रायोगिक कार्य, फार्मा कंपनी में भ्रमण तथा अतिथि व्याख्यान द्वारा पंजीकृत विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया जाएगा इसके साथ-साथ इस कोर्स में प्रतिष्ठित कंपनियों के जनरल मैनेजर्स द्वारा मार्गदर्शन के साथ-साथ जीवाजी विश्वविद्यालय-ग्वालियर की अत्याधुनिक लैब÷ डॉ. ए. पी. जे अब्दुल कलाम Central Instrumentation Facility" में रखे उपकरणों व उनकी कार्यविधि से परिचित कराया जाना भी प्रस्तावित है। रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ वीके जैन ने जानकारी दी कि इस प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम में प्रशिक्षित विद्यार्थियों को देश-विदेश की फार्मास्यूटिकल कंपनियों में सीधे-सीधे प्लेसमेंट का अवसर प्राप्त होगा । महाविद्यालय में संचालित रोजगार नियोजन प्रकोष्ठ भी वर्ष भर महाविद्यालय के विद्यार्थियों हेतु रोजगार सृजन के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित कराता रहता है।

इस प्रमाण पत्र कोर्स के संरक्षक एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शिवराज सिंह तोमर ने कोर्स की सफलता हेतु विभाग को शुभकामनाएं प्रेषित की और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह प्रमाण पत्र कोर्स






रोजगारोन्मुखी है इस पाठ्यक्रम से विद्यार्थियो को विशिष्टता प्राप्त होगी, विद्यार्थी इसमें प्रशिक्षित होने के बाद फार्मा कंपनी में अपना कैरियर बना सकेंगे ।डॉ. तोमर ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनसे अपेक्षा की कि वे आगे चलकर महाविद्यालय परिवार का और इस चंबल अंचल का नाम रोशन करें । समारोह सत्र में महाविद्यालय के समस्त स्नातकोत्तर विभाग के अध्यक्ष भी उपस्थित थे जिसमें प्रोफेसर विश्वास मेडेकर, डॉ.कमल भारद्वाज, डॉ. दिनेश रावत ,डॉ. शशि बल्लभ शर्मा एवं रसायन विभाग से श्री मुकेश श्रीवास, डॉ. राम किशोर उपाध्याय ,नेहा श्रीवास्तव एवं रेखा करोलिया उपस्थित थे।

अंबाह महाविद्यालय का रसायन विभाग चंबल अंचल मे बेसिक साइंस से संबंधित प्लेसमेंट कराए जाने वाला महाविद्यालय के रूप में जाना जाता है यहां रसायन शास्त्र से स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का प्रतिवर्ष श्चद्यड्डष्द्गद्गठ्ठ होता रहा है इस बार स्नातक उपाधि वाले विद्यार्थियों को भी इस प्रमाण पत्र कोर्स में प्रशिक्षित होने का अवसर दिया गया है जिसके द्वारा वे भी फार्मा कंपनी में अपना भविष्य बना सकें। इस वर्ष भी महाविद्यालय के र सीएफसायन विभाग ने 9 विद्यार्थियों का अलग-अलग फार्मा कंपनियों में प्लेसमेंट कराया है तथा स्नातकोत्तर विद्यार्थियों का शैक्षणिक परिभ्रमण जे बी मंगाराम फूड कंपनी-- ग्वालियर में कराया।

## भिंड जिले (गोरमी ) की फिल्म जगत में भी वेब सीरीज शुभ मंगल में दंगल के माध्यम से शुरुआत

**संतोष सिंह भदौरिया**
**दैनिक पुष्पांजलि टुडे न्यूज़**

**ग्वालियर** /चंबल क्षेत्र शुरुआत से ही किसी न किसी कारणवश राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय रहा है। शुरुआत दौर में यहां पर डकैत समस्या विकराल रूप से थी जो कि अब समाप्त हो चुकी है। वर्तमान में इस क्षेत्र की युवा पीढ़ी ने अपने साहस एवं सोच को विभिन्न विभिन्न क्षेत्रों मे जैसा कि सिविल सर्विसेज, मध्य प्रदेश पुलिस, भारतीय थल सेना, जल सेना, वायु सेना, इसके अलावा अन्य क्षेत्र फिल्म जगत मे भी नाम रोशन किया है। इसी क्रम में भिंड जिले के गोरमी निवासी श्री सुरेश सिंह कुशवाह के जेष्ठ पुत्र श्री योगेश सिंह कुशवाह ने वेब सीरीज (शुभ मंगल में दंगल) मे कार्य करने का मौका मिला है। चूंकि मध्यवर्गीय परिवार के होने के बावजूद भी अपने साहस में कमी ना आने दी । उसी का परिणाम है कि बॉलीवुड की वेब सीरीज में अपना नाम



दर्ज कराया। इस मुकाम पर पहुंचने के लिए योगेश ने प्रारंभिक अवस्था में काफी कठिन परिश्रम किया और ऐसी अनेक उपलब्धियां प्राप्ति कि जो कि अपने आप में एक महानतम कार्य। जोकि क्रमशः

1- मिस्टर इंडिया फर्स्ट रनर अप
2- इंडिया टॉप मॉडल इन जजमेंट
3- एशियन फैशन वीक शो टॉपर
4- क्क्त्रद्यद्द5ड्ड इंटरनेशनल फैशन एज शो टॉपर
5-क्क्त्रद्यद्द5ड्ड इंटरनेशनल फैशन शो इन बेस्ट कोरोग्राफी अवार्ड

निश्चित रूप से भिंड जिले की तपोभूमि पर एक नव रोशनी की शुरुआत हो चुकी है। जिसने अपने प्रकाश से समूचे भारत को एक सकारात्मक सोच के लिए अग्रसर किया। आओ सभी मिलकर योगेश का उत्साहवर्धन करते हैं। परम पिता परमेश्वर से आराधना करें कि भिंड जिले का यह बालक दिन प्रतिदिन बॉलीवुड मे अपने गांव, जिला एवं संभाग का नाम रोशन करें। यह जानकारी वरिष्ठ लेखक भीष्म भदोरिया जी द्वारा दी गई।



## मोहन्द्रा आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों को किए ऊनी कपड़े वितरित

### भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष ने किया सहयोग।

***पन्ना जिला ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की खबर***

आंगनबाड़ी सुदृढ़ीकरण को लेकर महिला एवं बाल विकास द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र के सुदृढ़ीकरण को लेकर समुदाय भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य शासन द्वारा एडॉप्ट एन आंगनवाड़ी कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

जिससे जिले के जनप्रतिनिधि व पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में सहयोग व बच्चों के लिए उपयोगी सामग्री वितरण की जा रही हैं। इसी तारतम्य में भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष भास्कर पाण्डेय द्वारा मोहन्द्रा हरिजन आदिवासी बस्ती की आंगनबाड़ी केंद्र में दर्ज 30 नन्हे बच्चों को ऊनी कपड़े वितरण किए।

इस कार्य में मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता भागचंद चौरसिया, शिव चौरसिया जीतेन्द्र चौरसिया, मनोज चौरसिया, लवकुश चौरसिया एवं महिला बाल विकास मोहन्द्रा केंद्र की पर्यवेक्षक श्रीमती श्रद्धा श्रीवास्तव व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका मौजूद रही।

## छर्च सहित दर्जनभर गांवो में अखिल शर्मा ने चलाया घर चलो, घर घर चलो अभियान



**पोहरी।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निर्देश पर पोहरी विधानसभा क्षेत्र में अखिल शर्मा की अगुआई में कांग्रेस पार्टी का घर चलो, घर घर चलो अभियान लगातार जारी है इसी क्रम में आज यह अभियान पोहरी ब्लॉक के छर्च क्षेत्र में पहुँचा जहाँ इसके प्रति जनता में अत्यधिक उत्साह देखने को मिला वहीं अखिल शर्मा द्वारा पूरी विधानसभा में घर घर जाकर लोगों को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलाने का जो बीड़ा उठाया गया है उसके परिणाम में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता लेने में भी लोगों की अधिक रुचि दिखाई दे रही है, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के घर चलो घर घर चलो अभियान को आम जनता द्वारा बहुत सराहा जा रहा है साथ ही अखिल शर्मा अपने हाथ से कमलनाथ के संदेश का पर्चा लोगों में बाँट रहे हैं और जनता उनके संदेश को बढ़े ध्यान से पढ़ और सुन रही है जिसे देखकर लोग 2023 मध्यप्रदेश में पुनः कमलनाथ को मुख्यमंत्री बनाने के प्रति संकल्पित हो रहे हैं। लोगों को बताया कि कांग्रेस की सरकार ही सदा से दलितों ग़रीबों पिछड़े और आदिवासियों का भला करती आयी है, इसलिए कांग्रेस के हाथ में पुनः सत्ता सौंपकर ही जन कल्याण हो सकता है।बैराड यूथ कांग्रेस अध्यक्ष विवेक शर्मा ने जोशीले नारों के साथ युवाओं में गर्मजोशी का संचार किया व्यक्तिगत सम्पर्क बनाए रखने हेतु मोबाइल नम्बर एकत्रित किए और यूथ कांग्रेस अध्यक्ष संजय यादव एवं जगदीश यादव ने घर घर सदस्यता नेम प्लेट की पर्ची चिपकाई। आज के अभियान में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तकनीकी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अखिल शर्मा, सुमंत ओझा, सोनू खान, जय प्रकाश भार्गव, बिलौआ सरपंच मुरारी जाटव, डोभा सरपंच बैजू कुशवाह, पुक्खी बिलौआ,यूथ कांग्रेस बैराड़ अध्यक्ष विवेक शर्मा, ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव, जगदीश यादव, ज़िला कांग्रेस सचिव पुरूषोतम शर्मा, जिला युवक कांग्रेस सचिव अमन सिद्धिकी आदि उपस्थित थे

# प्रदेश के साथ जिले में फसल बीमा राहत राशि वितरण कार्यक्रम संपन्न






**पन्ना जिला ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा**

स्थानीय श्री जगन्नाथ स्वामी टाउन हॉल में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के खनिज संसाधन एवं श्रम विभाग मंत्री श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में वर्चुअल शामिल हुए। इस अवसर पर फसल क्षति दावा राशि खरीफ 2020 एवं रबी 2020-21 का वितरण एक क्लिक के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा बैतूल से किया गया। यह फसल क्षति की सबसी बड़ी सहायता राशि वितरण का कार्यक्रम था। जिसमें जिले के चयनित किसानों को अधिकतम 1 लाख 25 हजार एवं न्यूनतम 29 हजार रूपये के चेक वितरित किए गए। वितरण का शुभारंभ जिले के 10 किसानों को चेक वितरण कर किया गया।


आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर श्री संजय कुमार मिश्र एवं आमंत्रित अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं भगवान हलधर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

प्रदेश के बैतूल जिले से संबोधित करते हुए प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश के 49 लाख किसानों को 7600 करोड़ से अधिक की राशि का वितरण किया जा रहा है। यह राशि किसानों के बैंक खाते में सीधे जमा हो जाएगी। इस अवसर पर खाद्य मंत्री श्री प्रहलाद पटेल द्वारा भी संबोधित किया गया। जिसे दूरदर्शन के माध्यम से प्रसारित किया गया। टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम एलसीडी के माध्यम से उपस्थितों को दिखाया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश की सरकार किसानों के हित में अनेकों योजनाएं संचालित कर रही है। यह कार्यक्रम किसानों को फसल क्षति वितरण का है। प्रदेश में पहली बार इतनी बड़ी राशि का वितरण किया जा रहा है। इसके अलावा उन्होंने केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने ने बताया कि 11 हजार 237 किसानों को 5.27 करोड़ रूपये की राशि का वितरण किया जाएगा। उन्होंने किसानों को फसल क्षति दावा राशि के भुगतान होने पर बधाई दी।

इस अवसर पर कृषि वैज्ञानिक पी.एन. त्रिपाठी द्वारा किसानों को कृषि की नई तकनीकी अपना कर और अधिक लाभकारी बनाने मिट्टी का परीक्षण कराकर आवश्यकता अनुरूप उर्वरक का उपयोग करने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में कलेक्टर श्री संजय कुमार मिश्र, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रविराज सिंह, उपाध्यक्ष श्री मानवेन्द्र सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से किसानों को फसल क्षति दावा राशि के चेकों का वितरण किया। इस अवसर पर किसान रामपाल सिंह भिलसांय को 1 लाख 4 हजार 522, सेवालाल पटेल धनोखर को 39 हजार 991, नंद किशोर पटेल भटगवां को 39 हजार 991, राजेश कुमार द्विवेदी गिरवारा को 60 हजार 287, श्री रामपाल पटेल सुंदरा को 75 हजार 59, केशवदेव बुन्देला बड़ागांव को 1 लाख 9 हजार 166, शौरभ कुमार अग्रवाल सिमरिया गढ़ी को 54 हजार 643, प्रकाश अग्रवाल सिमरिया गढ़ी को 39 हजार 631, कीरत लाल यादव बीरा को 43 हजार 887 तथा मुकेश पटेल इटवाखास को 44 हजार 35 रूपये की राशि के चेक वितरित किए गए। संपन्न हुए कार्यक्रम में उप संचालक कृषि श्री ए.पी. सुमन, अधिकारी-कर्मचारी ,जनप्रतिनिधि पत्रकार एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# ग्वालियर के 1645 किसानों के खातों में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पहुँचाई 119 लाख रूपए की बीमा राशि







### किसानों की समृद्धि के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार ने क्रांतिकारी योजनायें शुरू कीं ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

### दीनारपुर मंडी परिसर में जिला स्तरीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन

ग्वालियर। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की राशि वितरण के लिए बैतूल में आयोजित हुए राज्य स्तरीय कार्यक्रम से सिंगल क्लिक के जरिए ग्वालियर जिले के 1645 किसानों के खातों में 119 लाख रूपए की राशि पहुँचाई। शनिवार को यहाँ दीनारपुर मंडी परिसर में ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार ने किसानों की समृद्धि के लिए क्रांतिकारी योजनायें शुरू की हैं। साथ ही किसानों पर आए प्राकृतिक संकट के समय भी सरकार सदैव मदद के लिए तत्पर रही है। बैतूल में आयोजित हुए राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री चौहान द्वारा सिंगल क्लिक के जरिए प्रदेश के कुल 49 लाख 85 हजार किसानों के खातों में फसल क्षति बीमा की 7 हजार 618 करोड़ रूपए से अधिक राशि पहुँचाई गई।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में मंत्री श्री तोमर ने जिले के किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत क्षति दावा राशि के प्रमाण-पत्र और कृषक पुरस्कार वितरित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत प्रशासकीय समिति की अध्यक्षा श्रीमती मनीषा यादव ने की।

ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के किसानों के लिये आज ऐतिहासिक दिन है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने एक साथ 49 लाख से अधिक किसानों के खातों में 7618 करोड़ रूपए से ज्यादा राशि पहुँचाकर विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद किसानों को भरोसा दिलाया कि प्रदेश सरकार किसानों की प्रगति के लिये धन की कमी नहीं आने देगी।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी, संयुक्त संचालक कृषि श्री डी एल कोरी, उप संचालक कृषि श्री एम के शर्मा व मंडी सचिव श्री गजेन्द्र सिंह तोमर सहित अन्य संबंधित अधिकारी और जिले के कृषकगण मौजूद थे।

### सीधे प्रसारण के जरिए सुने सीएम और केन्द्रीय मंत्री के उदबोधन

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की राशि किसानों के खातों में पहुँचाने के लिये मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में बैतूल में आयोजित हुए राज्य स्तरीय कार्यक्रम के सीधे प्रसारण से ग्वालियर जिले के किसान भी जुड़े। यहाँ जिला स्तरीय कार्यक्रम में बड़ी एलईडी स्क्रीन के जरिए किसानों ने इस कार्यक्रम को देखा और मुख्यमंत्री श्री चौहान का उदबोधन सुना। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने भी नईदिल्ली से इस कार्यक्रम को वर्चुअल संबोधित किया।

### फसल क्षति की राशि मिली तो किसानों के चेहरे खिले

ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर एवं अन्य अतिथियों ने प्रतीक स्वरूप आठ किसानों को फसल बीमा क्षति दावा राशि के प्रमाण-पत्र सौंपे। ग्राम फूलपुरा मुरार निवासी कृषक श्री किलेदार सिंह को लगभग 68 हजार रूपए की बीमा राशि मिली है। उनका कहना था कि हमने सपने में भी नहीं सोचा था कि अधिक वर्षा से गली फसल के लिये हमें इतनी बड़ी राशि मिलेगी। इसी तरह ग्राम रौरा के कृषक श्री अरविंद सिंह, उटीला के श्री उत्तम सिंह, मोहना श्री करनेल सिंह, बरईपुरा की श्रीमती सावित्री गुर्जर, किटौरा के श्री सिरनाम, हथनौरा के श्री गुलाब सिंह और ग्राम मकोड़ा निवासी कृषक श्री उम्मेद सिंह फसल बीमा की राशि मिलने से गदगद थे।

### इन्हें मिले जिला व खण्ड स्तरीय कृषक पुरस्कार

ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने आत्मा योजना के तहत भितरवार विकासखण्ड के ग्राम फतहपुर निवासी श्री नरेन्द्र शर्मा को उत्कृष्ट उद्यानिकी फसल लेने के लिये 25 हजार रूपए के पुरस्कार से सम्मानित किया। इसी तरह जिला स्तरीय सर्वोत्तम कृषक समूह पुरस्कार के रूप में समूदन ग्राम के विकास स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमती मीरा को 20 हजार रूपए की राशि का चैक एवं प्रमाण-पत्र सौंपा। खण्ड स्तरीय सर्वोत्तम पुरस्कार के रूप में ककरारी मुरार निवासी श्रीमती विमला बाई व घाटीगाँव विकासखण्ड के ग्राम रामपुर निवासी कृषक श्री प्रभुदयाल अटल को 10-10 हजार रूपए के चैक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

### ग्वालियर-चंबल संभाग के 2,57,813 किसानों के खातों में आए लगभग 224 करोड़

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा बैतूल से सिंगल क्लिक के जरिए ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 2 लाख 57 हजार 813 किसानों के खातों में लगभग 244 करोड़ रूपए की राशि सिंगल क्लिक के जरिए पहुँचाई ।

## संक्षिप्त समाचार


### गृह मंत्री डॉ. मिश्र 14 फरवरी को चीनौर व मोहना पुलिस थाना भवनों का उदघाटन करेंगे

ग्वालियर। प्रदेश के गृह, जेल, संसदीय कार्य एवं विधि विधायी मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र 14 फरवरी को ग्वालियर जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे चीनौर व मोहना पुलिस थाना के भवनों के उदघाटन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। साथ ही अन्य स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गृह मंत्री डॉ. मिश्र 14 फरवरी को प्रात÷ 9.30 बजे चीनौर पुलिस थाने के उदघाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद ग्राम बनवार, पार, सिमिरिया व घाटीगाँव के भ्रमण पर रहेंगे। इसी क?ी में दोपहर 12.30 बजे मोहना पुलिस थाना के उदघाटन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। डॉ. नरोत्तम मिश्र अपरान्ह 1.30 बजे डबरा पहुँचेंगे। इसके बाद अपरान्ह 4 बजे ग्वालियर पहुँचकर चेतकपुरी में श्रीगणेश कॉम्प्लेक्स के सामने एक शोरूम के उदघाटन कार्यक्रम में भाग लेंगे। डॉ. मिश्र ग्वालियर शहर में अन्य स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद रात्रि 12.30 बजे भोपाल एक्सप्रेस द्वारा राजधानी भोपाल के लिये प्रस्थान करेंगे।

### पीआरएसआई की बैठक सम्पन्न

ग्वालियर। पब्लिक रिलेशन सोसायटी ऑफ इंडिया की मासिक बैठक शनिवार को मोतीमहल स्थित जनसंपर्क कार्यालय में आयोजित हुई। अपर संचालक श्री जी.एस. मौर्य की अध्यक्षता में हुई बैठक में श्री सुभाष अरोरा मुख्य अतिथि रहे। कार्यकारी सदस्य सर्वश्री हितेंद्र सिंह भदौरिया, कुलदीप पाठक, सुनील गोयल, संजय पांडेय, नवीन नायक, पवन सेन मौजूद रहे। बैठक में पीआरएसआई की बैठक निरन्तरता में हर माह करने की बात हुई। साथ ही संगठन के विस्तार पर भी चर्चा हुई, जिसमे सदस्य संख्या ब?ाने की बात की गई।

## केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर रविवार को कृषि विश्वविद्यालय में सात करोड़ की लागत के इंक्यूबेशन सेंटर का करेंगे लोकार्पण



ग्वालियर। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर रविवार 13 फरवरी को प्रातः 10.15 बजे मेला रोड स्थित राजमाता विजयराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में इनक्यूबेशन सेंटर का लोकार्पण करेंगे। इस इक्यूवेशन सेंटर का निर्माण नाबार्ड के सहयोग से 7 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है।

इस अवसर पर नाबार्ड के अध्यक्ष डॉ जी आर चिंतला, सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर, प्रदेश के कृषि मंत्री कमल पटेल और उधानिकी व खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री भारत सिंह कुशवाह भी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

### बानमौर में पशुधन विकास परियोजना का करेंगे उदघाटन

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर कृषि विश्वविद्यालय में इक्यूवेशन सेंटर के लोकार्पण के बाद मुरैना जिले के प्रवास पर जायेंगे। श्री तोमर मुरैना जिले में जेके टायर बामोर के पास स्थित ग्राम तिघरा में दोपहर 1 बजे नाबार्ड और जेके ट्रस्ट के सहयोग से पशुधन विकास परियोजना का उदघाटन करेंगे। साथ ही इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री श्री तोमर द्वारा ऋष्टा वितरण करने के साथ-साथ सूक्ष्म उद्यम विकास परियोजनाओं के तहत स्वीकृति पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर नाबार्ड के अध्यक्ष डॉ जी आर चिंतला भी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

नाबार्ड की पशुधन विकास योजना के तहत 1 करोड़ 41 लाख की वित्तीय सहायता व जेके ट्रस्ट के साथ स्वयं सहायता समूहों, संयुक्त देयता समूहों एवं मुद्रा योजना के तहत - कुल 9 करोड़ 7 लाख का लोन वितरण होगा। सूक्ष्म-उद्यम विकास कार्यक्रमों के शुभारंभ के साथ सांसद आदर्श ग्राम - पिपरसेवा सहित 6 ग्रामों के विकास हेतु नाबार्ड द्वारा वित्त पोषण किया जाएगा।

## छात्र नेताओं पर दर्ज किये फर्जी मामले के विरोध में कांग्रेस ने दिया 7 घण्टे का धरना




ग्वाल्यिर। शहर जिल्रा कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में हजीरा सब्जी मण्डी से हटाई गई मण्डी व ठेल्रा व्यवसायी एवं छात्र नेताओं पर दर्ज किये फर्जी मामले के विरोध में फूल्रबाग स्थित महात्मा गांधी प्रतिमा के समक्ष 7 घण्टे का उपवास धरना कार्यक्रम चल्रा। गांधीवादी तरीके से जन आन्दोल्रन आगे भी करने का संकल्प ल्रिया। ल्रम्बे अर्से के बाद कांग्रेस पार्टी का उपवास कार्यक्रम आन्दोल्रन उत्साह पूर्ण एकजुट नजर आया। रघुवती राधव राजाराम पतीत पावन सीताराम का भजन भी पुरूष व महिल्राओं ने गाया। महिल्राओं भी अधिक संख्या में मौजूद रही। महात्मा गांधी प्रतिमा स्थल के समक्ष धरना उपवास कार्यक्रम प्रातः 10 बजे शुरू होकर सांय 5 बजे तक चल्रा।

उपवास धरना आन्दोल्रन को सम्बोधित करते हुये शहर जिल्रा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा ने कहा कि विधायक डॉ. सतीश सिकरवार के सुझाव पर ल्रम्बे अन्तराल के बाद इस तरह का उपवास धरना आन्दोल्रन हुआ है। इतनी बडी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं की भागीदार इस बात का प्रतीक है कि कांग्रेस का हर कार्यकर्त्ता भा.ज.पा. की गरीबों पर की जा रही दमनात्मक कार्यवाही के खिल्राफ होकर एकजुट होकर खड़ा है। उन्होंने पूछा कि 70 साल पुरानी हजीरा सब्जी मण्डी को मंत्री के इशारे पर उजाड़ दिया गया है, जो बर्दाश्त योग्य नही है। कांग्रेस पार्टी भा.ज.पा. की दमनकारी नीतियों के खिल्राफ सड़क पर संघर्ष जारी रखेगी। कांग्रेस के जो कार्यकर्त्ता गरीबों की ल्रड़ाई ल्रड़ रहे थे उन पर झूठे मुकदमें दर्ज कर दिये है। कांग्रेस पार्टी इस तरह के दमन से ड़रने वाल्री नही है। हर गांधीवादी तरीके से विरोध करते रहेगें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी संकल्प और विश्वास पर खरे उतरे है। विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि कांग्रेस पार्टी ल्रगातार गरीबों की ल्रड़ाई ल्रड रही है। सब्जी और ठेले वाल्रों को धकेल्र कर इंटक मैदान भेज दिया है।




## जिले के स्व-सहायता समूह की दीदियों को सहारा देने आगे आया नाबार्ड



### नाबार्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. चिंतला ने हाट बाजार में किया 'रूरल मार्ट' का उदघाटन

### गारमेंट आधारित जीविकोपार्जन परियोजना का भी किया शुभारंभ

ग्वालियर। स्व-सहायता समूहों में संगठित ग्वालियर जिले की दीदियों द्वारा संचालित आर्थिक गतिविधियों को सहारा देने के लिये राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) आगे आया है। नाबार्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. जी आर चिंतला ने शनिवार को यहाँ फूलबाग स्थित संभागीय ग्रामीण हाट बाजार में फीता काटकर ÷रूरल मार्ट÷ का उदघाटन किया और महिला स्व-सहायता समूहों की दीदियों को यह रूरल मार्ट सौंपा। साथ ही दीदियों के लिए रेडीमेड गारमेंट पर केन्द्रित जीविकोपार्जन परियोजना का शुभारंभ भी किया। आर्थिक रूप से सशक्त होकर महिला सशक्तिकरण की नई इबारत लिख रहीं ग्वालियर जिले की ग्रामीण महिलाओं की उद्यमशीलता से नाबार्ड अध्यक्ष विशेष रूप से प्रभावित हुए। संभागीय हाट बाजार में स्थित रूरल मार्ट के जरिए खासतौर पर भितरवार एवं डबरा विकासखण्ड के स्व-सहायता समूहों से जु?ीं महिलाओं द्वारा अपने उत्पादों की बिक्री की जायेगी। जिले के स्व-सहायता समूहों की लगभग एक हजार महिलायें इस रूरल मार्ट से लाभान्वित होंगीं। इसी तरह जीविकोपार्जन आधारित परियोजना से लगभग 200 महिला एसएचजी सदस्यों का कौशल उन्नयन होगा और वे ब? पैमाने पर नवीनतम डिजाइन में आकर्षक शर्ट, पेंट, गाउन, फ्रॉक व अन्य रेडीमेड गारमेंट तैयार कर सकेंगीं। जाहिर है उनकी आमदनी बढ़ेगी। इस परियोजना के तहत स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को नाबार्ड ने सिलाई मशीन, ओवरलॉक मशीन, क्लॉथ कटर, इलास्टिक अटैचिंग, बारटेंडिंग मशीन जैसे महत्वपूर्ण उपकरण उपलब्ध कराए हैं। साथ ही हाट बाजार परिसर के ट्रेनिंग सेंटर में महिलाओं को प्रशिक्षित भी किया जा रहा है। नाबार्ड के अध्यक्ष डॉ. चिंतला ग्वालियर जिले की ग्रामीण महिलाओं के स्व-सहायता समूहों के उत्पादों को देखकर खासे प्रभावित हुए।

## जैन मिलन महिला नेमिनाथ ने लगाया नेत्र परीक्षण शिविरः 251 मरीजों का परीक्षण हुआ




ग्वालियर। जैन मिलन महिला नेमिनाथ दानाओली के तत्वावधान आज शनिवार को शहर के दाना ओली स्थित दिगंबर जैन वरैया मंदिर प्रांगण में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर के मुख्य अतिथि जैन मिलन के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष बालचंद जैन थे। विशिष्ट अतिथि जैन मिलन के क्षेत्रीय अध्यक्ष राजेश जैन बंटी, क्षेत्रीय मंत्री अनिता जैन, क्षेत्रीय संयोजक रेखा जैन, क्षेत्रीय संयोजक रवि जैन, वरैया मंदिर के अध्यक्ष हीरालाल वरैया महामंत्री मुकेश जैन थे। शाखा की अध्यक्ष राधा जैन सचिव संजू जैन व कोषाध्यक्ष रेनू जैन ने अतिथियो का सम्मान किया। शिविर के डॉक्टर मनीष शर्मा, मलेंद्र व अर्जुन गोस्वामी का शॉल व स्मृतिचिन्ह अतिथियो व अध्यक्ष राधा जैन व सचिव संजू जैन भेंटकर संमानित किया।

शिविर मुख्य अतिथि बालचंद जैन ने कहा कि इस दुनिया में जन्म लेने वाले जितने भी प्राणी हैं। उनके लिए आंखें अनमोल हैं। इसलिए इनकी देखभाल बहुत जरूरी है। आखिर आंखें हैं तो दुनिया की तमाम खूबसूरती का हमारे लिए मायने है। आंखें हमारे लिए अनमोल हैं और इसके बिना हम इस खूबसूरत दुनिया को नहीं देख सकते। यह जानते हुए भी अक्सर हम आंखों के स्वास्थ्य के बारे में बहुत गंभीरता से नहीं सोचते।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478